चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 307, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 07 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गोगामेड़ी हत्याकांडः उदयपुर में उमड़ा जन सैलाब

## अजमेर में दुकानें बंद; सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या को लेकर राजपूत समुदाय में आक्रोश

**जयपुर**

राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मौत के बाद मंगलवार को जयपुर में हड़कंप मच गया। शहर में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किए गए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के आवास पर उनसे मिलने के बहाने पहुंचे तीन बदमाशों ने उनपर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई। उनके निधन पर राजपूत समुदाय में जबरदस्त आक्रोश पैदा हो चुका है। घटना के विरोध में राजपूत समाज ने आज राजस्थान बंद का आह्वान किया है।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर बंद का आह्वान किया गया है। मंगलवार को जयपुर के कई इलाकों में राजपूत समुदाय के लोगों ने आक्रोश जाहिर किया है। मेट्रो मास अस्पताल के बाहर लोगों ने मंगलवार को प्रदर्शन किए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को इसी अस्पताल में लाया गया था। सुखदेव सिंह की हत्या पर वसुंधरा राजे सहित कई नेताओं ने दुख जाहिर की है।

वहीं राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने हाल ही में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मद्देनजर राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। सुखदेव सिंह की हत्या के मामले पर डीजीपी उमेश मिश्रा ने एसआईटी का गठन किया। पुलिस ने दो आरोपियों रोहित राठौड़ मकराना और नितिन फौजी की पहचान कर ली है।

उनकी गिरफ्तारी पर 5-5 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई। पुलिस ने दोनों की तस्वरें भी साझा की है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के समर्थकों ने उनकी हत्या के विरोध में भीलवाड़ा में एक ट्रेन रोकी। जयपुर में कल हुई हत्या की घटना के विरोध में राजपूत समाज ने आज राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है।




## 'बंद हो जांच एजेंसियों का दुरुपयोग': निलंबन रद्द होते ही संसद पहुंचे राघव

**ई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा मंगलवार को संसद पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। संसद परिसर में महात्मा गांधी के स्टेच्यू के पास आप सांसदों ने प्रदर्शन किया। बीते पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का 115 दिनों बाद निलंबन रद्द हुआ। संसद परिसर में आप सांसद राघव चड्ढा के अलावा अन्य पार्टी के सांसद भी नजर आए। सभी के हाथों में तख्ती नजर आई। इन तख्तियों पर लिखा 'जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो',

## सेना में तैनात है शूटर नितिन, गिरफ्त से अब भी दूर

**जयपुर**

राजस्थान की राजधानी जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिह गोगामेड़ी की मंगलवार को उनके घर में घुसकर गोली मारकर की गई हत्या के दो आरोपितों की पुलिस ने पहचान कर ली है। इनमें एक राजस्थान में नागौर जिले के मकराना का रोहित राठौड़ और दूसरा हरियाणा में महेंद्रगढ़ के दौगड़ा जाट का निवासी नितिन फौजी है। नितिन अभी सेना की 19 जाट रेजिमेंट में सैनिक तौर पर अलवर में तैनात है। वह आठ नवंबर को दो दिन के



अवकाश पर अपने घर गया था, लेकिन वापस ड्यूटी पर नहीं लौटा है। नितिन ने ही गोगामेड़ी को गोली मारी थी। जानकारी के अनुसार नितिन पंजाब की बठिंडा जेल में बंद लारेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर संपत नेहरा के संपर्क में था। नेहरा पर हत्याकांड की साजिश रचने का शक जताया जा रहा है। नितिन के स्वजनों का कहना है कि वह नौ नवंबर को घर से गाड़ी ठीक करवाने की बात कह कर गया था। उसके बाद से नितिन का परिवार से कोई संपर्क नहीं है। उधर, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन के नेतृत्व में 11 अफसरों की एसआईटी गठित की है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों की पहचान की है।

मिश्रा ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज होते ही पुलिस ने दोनों वांछित अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## भोपाल में करणी सेना ने किया विरोध-प्रदर्शन



**जयपुर** में करणी सेना के अध्यक्ष सूरज पाल अमू ने कहा, "मेरे भाई सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का शव यहां अस्पताल में पड़ा है। हम प्रशासन से दोषियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। जब तक हमें न्याय नहीं मिलता, हम शव नहीं लेंगे। उन्होंने आगे कहा,"सुरक्षा के लिए गोगामेड़ी का अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया। हमारा प्रदर्शन नहीं रुकेगा। इसके लिए अशोक गहलोत और उनके अधिकारी जिम्मेदार हैं। घटना एक पुलिस स्टेशन के 500 मीटर के भीतर हुई।"

**राजपूत समुदाय के सदस्यों ने जलाए टायर**

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में उदयपुर के सेवा आसाराम चौक पर राजपूत समुदाय के सदस्यों ने टायर जलाए। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा,"यह बेहद निंदनीय बयान है और यह कांग्रेस सरकार के दौरान राजस्थान में कानून व्यवस्था के पतन का परिणाम है। हमारी मांग है कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़े।" सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रतिक्रिया दी है। वसुंधरा राजे ने एक्स पर लिखा,"राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी आत्मा को शांति मिले और शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले।"

## कांग्रेस चुनावों के बाद देश को बांटने की राजनीति कर रही है: भाजपा

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर देश को बांटने की राजनीति का आरोप लगाया। वह बुधवार को यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग भारत जोड़ने की नहीं बल्कि भारत को तोड़ने की राजनीति कर रहे हैं। ये वही कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआई गठबंधन है, जिसने भारत जोड़ो यात्रा का खूब ढिंढोरा पीटा था। इनके गठबंधन के अहम घटक दल डीएमके के नेता सनातन धर्म और हिन्दू धर्म विरोधी है। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने पहले सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया बताया तो डी राजा ने सनातन धर्म को एचआईवी बता दिया। अब डीएमके नेता सेंथिल संसद में हिन्दी हार्ट लैंड को गौमूत्र स्टेट बताया। कांग्रेस को इन बयानों पर अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक 55 वर्षीय युवा, परिपक्व नेता जब छुट्टियों के लिए बाहर जाते हैं तो कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री बनने वाले रेवंत रेड्डी ने भी देश को बांटने वाली बयानबाजी की। कहने को तो राहुल गांधी भारत जोड़ने की बात करते हैं लेकिन वे और उनके नेता देश को धर्म, जाति और प्रदेश के आधार पर बांटने की राजनीति कर रहे हैं।

## यूको बैंक के 41 हजार खातों में आ गए 820 करोड़ रुपये, सीबीआइ कर रही मामले की जांच

**नई दिल्ली**

अपनी तरह की एक अजीब बैंकिंग घटना में यूको बैंक के ग्राहकों से जुड़े 41 हजार से अधिक खातों में बीते माह अचानक लगभग 820 करोड़ रुपये जमा हो गए। हैरानी की बात यह है कि जिन खातों से ये धनराशि आई, उनसे कोई रकम डेबिट ही नहीं हुई। यूको बैंक के कुछ खाताधारकों ने अचानक आए इस धन की निकासी भी कर ली।

## विधानसभा चुनाव जीते भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली**

हाल के चुनावों में विधानसभाओं के लिए निर्वाचित भाजपा के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दो और सांसद भी जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफा देने वाले सांसदों में 9 लोकसभा से और एक राज्यसभा से हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल शामिल हैं। मध्य प्रदेश से जीतने वाले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और गोमती साई ने जीत हासिल की है। राजस्थान से राज्यवर्धन राठौर, महंत बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा ने जीत दर्ज की है। किरोड़ी लाल मीणा राज्यसभा से सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और सांसद महंत बालक नाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया। वह जल्द ही इस्तीफा देंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी को हाल ही में संपन्न पांच राज्यों में तीन राज्यों मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बहुमत प्राप्त हुआ था। पार्टी ने अभी इन राज्यों में सरकार गठन को लेकर किसी चेहरे को मुख्यमंत्री तय नहीं किया है।



## भारत के दो आईआईटी संस्थान विदेश में अपने कैंपस खोल रहे हैं : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि वैश्विक पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में दो प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) विदेशों में अपने कैंपस स्थापित करने के लिए तैयार हैं।

धर्मेंद्र प्रधान ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि आईआईटी दिल्ली अबू धाबी में एक परिसर का उद्घाटन करने वाला है जबकि आईआईटी मद्रास ने अफ्रीकी देशों की शैक्षिक आवश्यकताओं को हल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए जांजीबार में अपनी उपस्थिति स्थापित की है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारतीय शैक्षिक उत्कृष्टता की पहुंच को राष्ट्रीय सीमाओं से परे बढ़ाना है। यह कदम भारतीय शिक्षा क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीयकरण की पहल को रेखांकित करता है। प्रधान ने भारत में कैंपस स्थापित करने के लिए विदेशी संस्थानों को आकर्षित करने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा, "कई विदेशी संस्थानों को भारत में आमंत्रित किया गया है। गुणवत्तायुक्त संस्थान देश में आयें, ये हमारी प्राथमिकता है। आज हमारे छात्र बाहर जाने के लिए विवश होते हैं। अब न केवल विदेशी संस्थान भारत आएंगे बल्कि दो ने गुजरात गिफ्ट सिटी में अपने संस्थान खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।"



## ईवीएम पर कांग्रेस में दो फाड़!



**नई दिल्ली**

ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर कांग्रेस में दो फाड़ हो गया है। एक तरफ कुछ वरिष्ठ नेता ईवीएम को लेकर सवाल उठा रहे हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि उन्हें ईवीएम पर पूरा भरोसा है।

दरअसल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने ईवीएम को लेकर सवाल उठाए हैं।

सांसद कार्ति चिदंबरम ने बुधवार को कहा, "ईवीएम पर मेरा पूरा भरोसा है। मुझे ईवीएम के काम पर कोई संदेह नहीं है। मैं जानता हूं कि पार्टी के कई सहयोगी हैं जिनकी राय अलग हो सकती है, लेकिन मैं 1996 से चुनाव में या तो एक उम्मीदवार के रूप में या अन्य उम्मीदवारों के एजेंट के रूप में इसमें शामिल रहा हूं। ईवीएम पर मेरा विश्वास नहीं बदलेगा।"

**दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए**

तीनों राज्यों में भाजपा को मिली जीत के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा, "चिप वाली किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है। मैंने 2003 से ही ईवीएम द्वारा मतदान का विरोध किया है। क्या हम अपने भारतीय लोकतंत्र को पेशेवर हैकरों द्वारा नियंत्रित करने की अनुमति दे सकते हैं! यह मौलिक प्रश्न है जिसका समाधान सभी राजनीतिक दलों को करना होगा।"

## केंद्र ने हाई कोर्ट को बताया- खतरनाक किस्म के कुत्तों की प्रजाति रखने के लिए लाइसेंस पर रोक पर फैसला जल्द

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने कहा है कि वो खतरनाक किस्म के कुत्तों की प्रजाति रखने के लिए लाइसेंस पर रोक लगाने के मामले पर जल्द फैसला करेगी। सरकार ने ये सूचना आज दिल्ली हाई कोर्ट में कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच को दी। याचिका एक लॉ फर्म लीगल अटार्नीज एंड बैरिस्टर्स लॉ फर्म की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में खतरनाक किस्म के कुत्तों की प्रजातियों को रखने के लिए लाइसेंस देने पर रोक लगाने की मांग की गई है। पिटबुल, टेरियर, अमेरिकल बुलडॉग, रॉटविलर, जापानी टोसा, बैंडॉग, नेपोलिटन मस्टीफ, वुल्फ डॉग, बोएरबोएल, प्रेसा कैनारियो, फिला ब्राजिलिएरो, टोसा इनु, कैने कोर्सा और डॉगो अर्जेंटीनो नामक कुत्तों की प्रजाति खतरनाक किस्म की है। सुनवाई के दौरान जब केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि खतरनाक किस्म के कुत्तों की प्रजाति को रखने के लिए लाइसेंस रोकने पर तेजी से विचार किया जा रहा है। तब याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इस मामले में केंद्र सरकार के समक्ष उन्होंने प्रतिवेदन दिया था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इन खतरनाक कुत्तों की प्रजातियों पर 35 देशों में रोक लगी हुई है।

## अविवाहिता की सेरोगेसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को किया तलब

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को किराये की कोख (सेरोगेसी) को अविवाहित महिलाओं के लिए प्रतिबंधित करने के प्रविधान को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सेरोगेसी के जरिये मां बनने के कानून के प्रविधानों पर विचार करने के लिए सर्वोच्च अदालत ने सहमति जताई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयन की खंडपीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

**सेरोगेसी के मौजूदा कानून में कई झोल हैं**

सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील सौरभ किरपाल संक्षिप्त सुनवाई में याचिकाकर्ता नेहा नागपाल की ओर से पेश हुए। अधिवक्ता सौरभ ने कहा कि सेरोगेसी के मौजूदा कानून में कई झोल हैं।

## देश में रिकॉर्ड तोड़ बनाए गए आयुष्मान कार्ड, 28 नवंबर तक जारी किए तीन करोड़

**नई दिल्ली**

अभियान के तहत 28 नवंबर तक तीन करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इनमें से सर्वाधिक उत्तर प्रदेश और इसके बाद महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश में बनाए गए। केंद्र सरकार ने लोगों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में राज्य सरकारों की मदद के लिए भी कई कदम उठाए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यसभा में जानकारी दी कि लोगों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय और तकनीकी सहायता मुहैया कराई गई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भव अभियान 13 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा शुरू किया गया था। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना है। 2014 से 82 प्रतिशत बढ़े मेडिकल कालेजदेश में 2014 के बाद मेडिकल कालेजों की संख्या में 82 प्रतिशत और एमबीबीएस सीटों की संख्या में 112 प्रतिशत वृद्धि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने मंगलवार को राज्यसभा में सवाल के लिखित जवाब में बताया कि देश में मेडिकल कालेजों की संख्या 2014 में 387 से बढ़कर वर्तमान में 706 हो गई। वहीं एमबीबीएस सीटें 2014 में 51,348 से बढ़कर 1.08 लाख और इसी समय सीमा में पोस्ट ग्रेजुएट मेडकिल सीटें 31,185 से बढ़कर 70,674 हो गईं। तीन वित्तीय वर्षों में बीमा के 3.54 करोड़ दावे निपटाए वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक आयुष्मान भारत बीमा योजना के तहत माध्यमिक देखभाल अस्पताल भर्ती के लिए तकरीबन 3.79 करोड़ दावे पेश किए गए। इनमें से 3.54 करोड़ दावों का भुगतान कर दिया गया और 30 नवंबर तक 12.04 लाख लंबित हैं। योजना में दावों का समय से निस्तारण प्रमुख मानक है, जिससे योजना का प्रदर्शन मापा जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को राज्यसभा में जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) योजना के तहत दावा निस्तारण की स्थिति की निगरानी करता है।



**अब घर बैठे ही बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड**

यूक्रेन से लौटे मेडिकल के छात्रों को पाठ्यक्रम पूरा करने को दी अनुमतिराष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन से विदेशी मेडिकल स्नातकों को अपना शेष पाठ्यक्रम को पूरा करने की अनुमति दी है। यूक्रेन में युद्ध के कारण देश लौटने वाले मेडिकल छात्रों को होने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर एनएमसी ने योजना तैयार की है।

# मांडा सीएचसी में प्रधान प्रतिनिधि व स्वास्थ्य कर्मियों में मारपीट, मचा हंगामा

अखंड भारत संदेश

**दसवार गांव में आशा की नियुक्ति में अनियमितता का मामला, पक्षों ने मांडा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर, आशा बहुओं की नियुक्ति पर धूं धूं कर धधक रही आग, अन्त में ज्वाला का रूप धारण कर ही लिया**




**मांडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडा में मंगलवार शाम प्रधान प्रतिनिधि और अस्पताल कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान अस्पताल में काफी देर तक हंगामा मचा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। वही दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

मांडा थाना क्षेत्र के दसवार गांव में आशा की नियुक्ति में हुई अनियमितता को लेकर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि हीरालाल अपने सहयोगियों के साथ अधीक्षक के कार्यालय में बैठकर बात चीत कर रहे थे। बात चीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। और विवाद के दौरान दोनों पक्षों में गाली गलौज और मारपीट हुई। सीएचसी की स्टाफ नर्स प्रेमशिला सीहोर ने तहरीर देकर आरोपित किया कि प्रधानपति हीरालाल व राकेश गिरी अपने सहयोगियों के साथ गालियां देने लगे। प्रतिरोध करने पर उन्हें व एएनएम शालिनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांडा स्टाफ नर्स किरन, ज्योति और अधीक्षक डा. अजीत सिंह को भी मारापीटा। उधर, दूसरे पक्ष के हीरालाल ने आरोपित किया है कि आशा की नियुक्ति में की गई अनियमितता को लेकर उन्होंने शिकायत की थी। प्रकरण में बात चीत करने के लिए अधीक्षक डॉ.ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया। बातचीत के दौरान अधीक्षक डॉ.अजीत सिंह ने उन्हें मारा पीटा और गालियां दी। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह से मामले की जानकारी के लिए सीयूजी नम्बर पर फोन लगाया गया तो बन्द पाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और यूपी सीओपी पोर्टल पर न दिखने से लोगों में तरह तरह की चचाएं फैली हुई है।



# मंत्री नन्दी के निर्देश पर नैनी के खरकौनी में लगा कैम्प

**कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी रहे मौजूद, खाद्य रसद, महिला कल्याण, समाज कल्याण, डूडा से सम्बंधित कई मामलों का हुआ निस्तारण**

**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के समक्ष पिछले दिनों नैनी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित कई समस्याएं आई थी। जिसके निराकरण के लिए मंत्री नन्दी ने सम्बंधित विभागों को पत्र लिखा गया था। जिसके आधार पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शासन द्वारा कैम्प लगाकर सम्बंधित समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। जिसके आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए बुधवार को नैनी के खरकौनी क्षेत्र में काली चौरा के पास कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य रसद विभाग, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, डूडा के अधिकारी गण उपस्थित रहे। कैम्प में डूडा विभाग से सम्बंधित कई मामले आए। पीएम आवास से सम्बंधित दो शिकायतें आए जिसे सम्बंधित अधिकारियों को देकर निस्तारण के लिए दिया गया। पीएम स्वनिधि योजना के तहत पांच प्रार्थना पत्र आए जिसे सम्बंधित विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए निस्तारित किया। समाज कल्याण विभाग के तहत पारिवारिक योजना के साथ ही वृद्धावस्था पेंशन से सम्बंधित 16 मामले कैम्प में आए। रूके हुए पेंशन को दुबारा शुरू कराने के साथ ही नए लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। विधवा पेंशन से सम्बंधित 13 शिकायतें कैम्प में आईं। महिलाओं ने बताया कि पिछले एक वर्ष से उनकी पेंशन रूकी हुई है। क्योंकि बैंक में आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक नहीं कराया गया है। जिस पर महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों ने तत्काल डिटेल लेकर आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराकर विधवा पेंशन दिलाने की प्रक्रिया को पूरा किया। कन्या सुमंगला योजना के तहत पांच लोगों ने योजना का लाभ लेने की इच्छा जताई। जिस पर उन्हें विकास भवन आकर ऑनलाइन आवेदन के प्रॉसेस को पूरा कराने के लिए कहा गया। जिसके बाद ही कन्या के खाते में 15 हजार रूपए जाएगा। राशन कार्ड से सम्बंधित 10 मामले सामने आए। चमेला देवी ने कहा कि उनका राशन कार्ड नहीं बना है। अधिकारियों ने जब चेक किया तो पता चला कि उनका राशन कार्ड बना है, लेकिन चमेला देवी को इसकी जानकारी नहीं थी। उन्हें कार्ड की जानकारी देते हुए जनसेवा के जरिये उनका कार्ड निकाल कर दिया गया। वहीं नौ लोग आय प्रमाण पत्र लेकर नहीं आए थे। जिस पर उन्हें अगले दिन आय प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में आकर मिलने के लिए कहा गया।

# सीमा के निकट अपराध करने वाले बख्से नहीं जायेंगें : राम सिंह

अखंड भारत संदेश

**हनुमना थाना प्रभारी ने सीमा क्षेत्र में यूपी के अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देने वालों पर रख रहे सतर्क दृष्टि**



**कोरांव।** यूपी एमपी सीमा क्षेत्र हनुमना थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि मेरे क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना कारित करने वाले अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें थाना प्रभारी राम सिंह ने इस प्रेस प्रतिनिधि से अनौप चारिक भेंट वार्ता के दौरान कही। श्री राम सिंह ने कहा कि उक्त क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के अपराधी ज्यादातर घटना को अंजाम दे कर चले जाते हैं जिससे पर्दा फाश करने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा ऐसे अपराधियों पर मेरी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि यूपी से कोरेक्स सिरप का व्यवसाय की घटनाएं हो रही हैं। जिसमे कई मुलजिमों और संदिग्धों से पूंछ तांछ जारी है। कुछ जेल भी गए हैं। इसी तरह उन्होंने बताया कि यूपी के विभिन्न इलाकों से कई वांछित जेल भी गए हैं और कई अपराधियों की तलाश जारी है। वे क्षेत्र से आए कई पीड़ितों की जन सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कोरेक्स व्यवसाय में लिप्त मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तथा संदिग्धों से जांच पड़ताल के बाद निदोर्षों को परेशान न किए जाने का विवेचनाधिकारी को निर्देशित किया।

# मां कालिकन देवी के आशीर्वाद से शुरू हुई बड़ोखर पहाड़ की परिक्रमा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज के यमुनापार की जनता मेरा परिवार है : योगेश**

**भाजपा नेता ने पी एम मोदी के मिशन लाइफ को तत्परता से पालन करने की किया अपील**



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने अपनी प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक मंत्र मिशन लाइफ को समर्पित बड़ोखर पहाड़ परिक्रमा यात्रा बड़ोखर ग्राम में स्थित प्रसिद्ध देवी शक्ति मां कालिकन देवी की पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लेकर प्रारंभ किए। बड़ोखर गांव में लाल नरेंद्र प्रताप सिंह और नन्हे सिंह ग्राम प्रधान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगो ने यात्रा का स्वागत किया और अपने गांव के सीमा तक यात्रा को समर्थन दिया , उक्त यात्रा का बड़ोखर गांव में अश्वनी शुक्ल ने अपने समर्थकों संग स्वागत किया, यात्रा खेदूपुर पहुंचने पर भाजपा नेत्री निशा पांडेय ने अपने समर्थकों संग स्वागत किया, यात्रा छोटा गाढ़ा पहुंचने पर ग्राम प्रधान लालता प्रसाद पटेल ने अपने समर्थकों संग स्वागत किया, खेत्रपालिया पहुंचने पर परशुराम मिश्र,श्याम सुंदर सिंह भाजपा नेता ने स्वागत किया , मझिगवा पहुंचने पर भाजपा नेता शिव शंकर पांडेय, माधव प्रसाद पांडेय पूर्व प्रधानाचार्य , लाल जी पाल अपने सैकड़ों समर्थकों संग स्वागत किया, बसहा पहुंचने पर राम नारायण सिंह पटेल पूर्व प्रधान अपने समर्थकों संग स्वागत किया, भवानीपुर में वीरेंद्र मिश्र ने अपने समर्थकों संग स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि कण कण में परमात्मा है तो निश्चित रूप से पहाड़ हमारे लिए भगवान है इनकी भी प्राण प्रतिष्ठा हो और दैवीय महिमा का स्थल हो क्योंकि ये पहाड़ विंध्य पर्वत से जुड़ा हुआ है। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि गांव की गलियां भी प्लास्टिक के कचरे से भरी हुई है जो हमारे जीवन के भविष्य को खतरे से बाहर ले जाना है, इसीलिए आप लोग प्रधानमंत्री मोदी जी मिशन लाइफ को तत्परता से पालन करे। यमुनापार मेरा परिवार है मैं जिस तरह अपने परिवार को देखता हूं उसी तरह से यमुनापार को भी देखता हूं : यात्रा में भाजपा नेता अनिल मिश्र, संजय गौतम , हरी शरण सिंह , गोपी चंद निषाद, कुलदीप पांडेय, दीप चंद पटेल, राम प्रताप पांडेय, हरी मोहन पांडेय, विष्णु प्रताप सिंह ,प्रकाश शुक्ल , विंध्यवासिनी शुक्ल, बनारसी पांडेय,बंदना द्विवेदी, राकेश शुक्ल, सुरेश तिवारी, पप्पू हरिजन , हरी कांत पांडेय, दीपक यादव, वीरेंद्र शुक्ल,रघुनंदन प्रसाद सहित सैकड़ों लोग ने पैदल यात्रा में शामिल हुए।

## न्यूज झरोखा

### नीलगाय ने युवक को किया जख्मी, हालत नाजुक



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कटरा गांव में एक पालतू नीलगाय ने शौच करने गए युवक पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों ने स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मोहम्मद नसीम (26) पुत्र इस्तियाक मंगलवार रात घर से कुछ दूरी पर बने शौचालय में शौच करने जा रहा था तभी नीलगाय ने हमला कर दिया। नसीम की चीख पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने हमलावर नीलगाय को खदेड़कर नसीम की जान बचाई। नीलगाय की नुकीली सींग पेट में घुसने से नसीम लहुलुहान होकर अचेत हो गया। परिजन उसे स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया है। भाई मुस्तकीम ने बताया कि आंत में गहरी चोट लगने हालत गंभीर है। नीलगाय के बारे में बताया गया कि गांव के ही व्यक्ति ने उसे पाल रखा है। हिंसक हो चुकी नीलगाय कई लोगों को घायल किया है।

### बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की परनिर्माण दिवस मनाया गया



**करछना।** प्रयागराज जिले के यमुनापार क्षेत्र के विकासखंड चाका ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत पूरवा खास के हरिजन बस्ती में बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की परनिर्माण दिवस मनाई गई। भारतीय संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक बड़े समाज सुधारक और विद्वान थे। उन्हें अपने करो और विद्वता के लिए जाना जाता है लेकिन 6 दिसंबर 1956 को संविधान के जनक पंचतत्वों अंबेडकर डेट मैं विलन हो गए थे। डॉ अंबेडकर की डेथ एनिवर्सरी को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। दरअसल अंबेडकर ने हमेशा ही दलितों की स्थिति में सुधार लाने के लिए काम किया। छुआ छूत जैसी को प्रथा को खत्म करने में भी उनकी बड़ी भूमिका मानी जाती है। उनके अनुयायियों का यह मानी जाती है। इस मौके पर। राम सजीवन चौधरी उर्फ मोछा, राम लखन ,महमुद अली महेश सिंह उर्फ सनी सिंह, रामबाबू , महेंद्र धोनी, श्यामू यादव , एवन,बरसाती, लवकुश, कुटी लाल, मिश्रीलाल, राम कैलाश, रामचंद, आदि क्षेत्र के ग्राम सभा के लोग मौजूद रहे।

### हाईवे के बीचों बीच आवारा पशुओं का झुंड बैठ जाने से हो रही है दुर्घटना



**मऊआइमा।** मऊआइमा में हाइवे पर छुटट पशु जहां किसानों के अभिषाप बन गए हैं वहीं फोरलेन सड़क पर बैठ कर रास्ता अवरूद्ध कर रहे हैं ।जिस से विशेष कर बाइक सवार आये दिन जख्मी होते रहते है। मऊआइमा थाना क्षेत्र से गुजरी प्रयागराज और प्रतापगढ़ फोरलेन पर आए दिन छुटटा मवेशियों के बीच सड़कों पर बैठ जाने से वाहनों को बडी असुविधा होती है। विगत माह रात के पहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पांच गाय बैलों की मौतें हो गयी थी। पुलिस ने जेसीबी से हटवाकर गढ्डा खोदवाकर दफनवा दिया था तथा अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया था ।उधर किसान छुटटा मवेशियों से ऊब गए हैं। फोरलेन पर बैठे छुटटा मवेशियों से वाहनों को खतरा बन गया है। विशेष कर बाइक सवार आए दिन जख्मी होते रहते हैं।

### डिजिटल पर्दा पर विकसित भारत के बारे में देखकर ग्रामीण हुए जागरूक



**सहसों।** केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत बुधवार को विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत खोदायपुर में ग्राम प्रधान कुंदन यादव की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन का लोगों ने स्वागत किया। प्रचार वाहन में लगे डिजिटल पर्दा पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत के बारे में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को बताते हुए ग्रामीणों को दिखाया गया तथा विभिन्न प्रकार की देश की विकास से जुड़ी जानकारियां दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। जिसमें डिजिटल पर्दा के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, उजाला योजना, शौचालय योजना एवं पीएम किसान सम्मन निधि सहित आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते एवं दिखाते हुए ग्रामीण महिलाएं, पुरुषों, नवयुवकों, छात्र, छात्राओं व सभी को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख सहसों गीता सिंह, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, अनिल सरोज, पवन कुमार शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी आसमा सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 265 युवाओं के पूरे हुए सपने

**युवाओं को रोजगार के मौके उपलब्ध करा रहा रोजगार मेलाः गणेश**

**शंकरगढ़ में आयोजित मेले में 760 अभ्यर्थियों ने करवाया था रजिस्ट्रेशन**




**शंकरगढ़।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय (नेशनल करियर सर्विस) के बैनर तले आयोजित रोजगार मेले में बुधवार को 265 युवाओं का चयन किया गया। यमुनापार के अंतिम छोर पर स्थित राजा कमलाकर डिग्री कालेज में आयोजित मेले में कुल 760 युवाओं ने पंजीकरण करवाया था। इसके पूर्व मेले के उद्घाटन प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी ने किया। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। युवाओं के सपनों को पंख लग रहे हैं। युवाओं की पढ़ाई - लिखाई से लेकर उन्हे सिविल सेवा की तैयारियों के लिए भी कोचिंग करवा रही है। इसके अलावा समय-समय पर रोजगार मेले का आयोजन कर उनका समायोजन भी करवा रही है। इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराते हैं। यहां से चयनित युवाओं को उनकी क्षमता और रुचि के अनुसार कार्यों के चयन में आसानी होती है और वह अपने भविष्य की बुनियाद रख सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि राजा कमलाकर डिग्री कालेज के प्रबंधक अनय प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह का आयोजन समय की मांग है। इस तरह के मेले का आयोजन आगे भी किया जाता रहेगा। रोजगार मेले में आई विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया, जिसमें डिजर्व करियर ने 32, ब्राइट फ्युचर आर्गेनिक में 32, गोल्डेन फार्मर में 24, न्यू इरा कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन में 32, गिन्नी फिलामेंट में 11, करियर ब्रिज में 26, रेडेम्स में 16, नेटफ्स में 47, सत्या माइक्रो में 21, नवोदित फाउंडेशन में 24 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में सेवायोजन अधिकारी प्रशांत, प्रवीण कुमार यादव, गुलाब मौर्य, करियर काउंसलर विश्वमोहन द्विवेदी, मारूफ अहमद, आलोक कुमार, शिवशंकर, सुनील, सुधा गुप्ता, रोहित केसरवानी, रतन केसरवानी, अनूप केसरवानी, जय केसरवानी, नरेंद्र गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, उमा वर्मा, नेहा कनौजिया, अरविंद केसरवानी, रचना केसरवानी आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य गंगा तिवारी ने किया।

## नमो कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों का बेहतर मंच : अरुण

**बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**



**करछना।** ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देकर आज भाजपा बहुमुखी विकास यात्रा में खेल के भी क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है ।नमो कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रतिभाओं को विशेष रूप से नया मंच मिल रहा है जिससे उन्हे प्रतिभा निखारने का अच्छा अवसर है ।यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज जमुनापार भाजपा किसान मोर्चा द्वारा बुधवार को आयोजित नमो कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह ने कही ।प्रतियोगिता के संयोजक किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने कहा कि कबड्डी हमारा राष्ट्रीय खेल है ।आज हमारे शहर के अलावा गांव में भी बेहतर खिलाडी मौजूद है ।नमो कबड्डी प्रतियोगिता में ऐसे हुनर आज भाजपा की सर्व विकास सोच के सापेक्ष मंच पाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहें हैं ।प्रतियोगिता मे बामपुर सीनियर बालकों की टीम फाइनल मैच में मनकामेश्वर मनकापुर की टीम को हराकर विजेता बनी ।वहीं बालिकाओं के फाइनल मैच में यूपीएस करेहा की टीम को हराकर बामपुर की टीम ने बाजी मारी ।संचालन जिला महामंत्री आदेश कुमार सिह ने किया ।निर्णायक के रूप मे ओम प्रकाश,पवन पटेल,राजेन्द्र यादव रहे ।समापन के बाद विधायक पीयूष रंजन निषाद,जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, भाजपा जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी,प्रबंधक डॉ.भगवत पांडेय,अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी,मेड़ल,सम्मानपत्र प्रदान किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सफल आयोजन हेतु प्रतियोगिता से जुड़े पदाधिकारियों,अतिथियों, खिलाड़ियों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर सुनील पटेल,रमाकांत विश्वकर्मा,ताराशंकर पांडेय,राजेश शुक्ला,मुकेश पांडेय,सुभाष पासी,वीरेंद्र सिंह पटेल,अभिषेक मौर्या समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और दर्जनों टीमों के प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को किया गया सम्मानित



**सहसों।** भाजपा गंगापार किसान मोर्चा द्वारा आयोजित दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का समापन बुधवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में किया गया। फाइनल प्रतियोगिता में बाबूगंज की टीम प्रथम और बहादुरपुर की टीम उप विजेता रही। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह ने विजेता टीम को ट्राफी व प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवक व युवतियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। क्षेत्रीय महामंत्री सुनील पटेल, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, रमाकांत विश्वकर्मा, भाजपा जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी ने उपविजेता टीम व निर्णायक मंडल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक किसान मोर्चा के गंगापार जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी, विमलेश पटेल, भूपेंद्र मिश्रा, काशीराम दुबे, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र शुक्ला, श्रीकांत त्रिपाठी, सूरज शुक्ला, शिवदीप पांडे, उपेंद्र यादव, गोरखनाथ, अजीत तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहब के सपनों को भाजपा सरकार साकार करेगी : विनोद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉं.भीमराव अम्बेडकर ने जो सपना देखा था वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में पूरा हो रहा है। बाबा साहेब सदैव कांग्रेस के विरोधी रहे। कांग्रेस की जब सरकार बनीं तो जनता को ठगते का कार्य किया। कांग्रेस सरकार ने गरीबी हटाओ गरीबी हटाओ का नारा तो देते थें। लेकिन गरीबी नही हटाते थें। डॉं. भीमराव अम्बेडकर का उद्देश्य और भाजपा का उद्देश्य पं.दीनदयाल उपाध्याय का उद्देश्य था छुआछूत ना हो अंतिम व्यक्ति का उदय अन्तोदय के माध्यम से हो। जो हम सबके नेता भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेई व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रहे हैं। हम सबकी बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके बताए मार्गो पर हम सब चलें उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र महामंत्री व जिला प्रभारी यमुनापार शुशील त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि बुधवार को बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर करछना में परिनिर्माण दिवस समारोह मे कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। वही कार्यकताओं संग दिनभर अलग-अलग समूहों में बैठक कर संगठन को मजबूती का महामंत्र कार्यकताओं को देकर पुराने सभी निष्क्रिय कार्यकताओं को सक्रिय कर 2024 में प्रचंड मतो से जीत का महामंत्र दिया। महापरिनिर्वाण दिवस की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने करते हुए कहा बाबा साहब गरीबी दलितों पिछड़ों के उत्थान के लिए जो अभियान चलाया उसे भाजपा सरकार एक-एक कर पूरा कर रही है। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में शामिल भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया सर्व प्रथम जिला प्रभारी शुशील त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरूणेन्द्र प्रताप सिंह अन्नू भैया, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री सुनील पटेल, युवा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री समीर मिश्र, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान सहित ज़िला पदाधिकारी मोर्चा जिलाध्यक्षों,मंडल अध्यक्षों ने बाबासाहेब के तस्वीर पर पुष्प और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबासाहेब के व्यक्तित्व कृतित्व पर अपने अपने विचार रख भाजपा कार्यकताओं ने महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया।

### जलकर राख हुआ बेटी के दहेज का सामान

# सब्जी मंडी के पास शॉर्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के सब्जी मंडी इलाके में देर रात शार्ट सर्किट से एक मकान की दूसरी मंजिल में आग लग गई। घरवालों को जब तक जानकारी हुई तब तक आग की चपेट में पूरा कमरा आ चुका था। कमरे में रखा बेटी की शादी का सामन जल कर राख हो गया। सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। दमकल की गाड़ियां पहुंचने के पहले पूरा सामान जल चुका था। किसी तरह से घर के अन्य सामान को बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, सब्जी मंडी निवासी कुसुम देवी पत्नी स्वर्गीय अंबे लाल गवर्नमेंट प्रेस से रिटायर्ड है। जनवरी माह में उनकी बेटी गीता देवी की शादी होनी है। कुसुम देवी ने बताया कि बेटी की शादी की तैयारी को लेकर सामान खरीद के ऊपर के हिस्से में रखा हुआ था। मंगलवार की देर रात करीब दो बजे के आस पास अचानक ऊपर वाले कमरे से धुआं उठने लगा। आग की लपटें उठने के बाद भागकर सभी लोग पहुंचे लगी। जब तक कुछ कर पाते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। पीड़िता ने बताया कि आग में डबल बेड, फ्रीज, वाशिंग मशीन, ठंड के कंबल और सारे कपड़े जल गए। आग से लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बेटी की शादी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घर वालों का कहना है कि कुछ जरूरी मुकदमा का कागज भी जलकर राख हो गया।





### रीना हत्याकाड़ : पुलिस की गिरफ्त में नही आ सका रीना का कातिल, तलाश में जुटी है पुलिस की दो टीमें

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के दलापुर मुसहां गांव के रामचंद बिंद की बेटी रीना का कातिल पुलिस के हत्थे पांचवें दिन भी नही चढ़ सका। जबकि कातिल ताराचंद की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी गंगानगर ने वारदात के ही दिन पुलिस की दो टीमें गठित की थी। कातिल का मोबाइल बंद होने से सर्विलांस टीम भी सुराग लगाने में नाकाम रही। रीना की बड़ी बहन बीना घटना वाले दिन से ही अपने पति ताराचंद पर हत्या करने का आरोप लगा रही है। वारदात को अंजाम देकर कातिल ताराचंद फरार हो गया। हंडिया के भुई बनकट निवासी ताराचंद सूरत की किसी धागा कंपनी में काम करता है। वारदात वाले दिन हंडिया में दबिश देने गई से बचकर वह भाग निकला था। उसका पता लगाने के लिए पुलिस ने कुछ परिजन व रिस्तेदारो को पूछताछ के उठाया था किंतु उनसे भी कोई ठोस सुराग नही मिले। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि थाने बैठाए गए लोग पूछताछ में पूरा सहयोग कर रहे हैं। सूरत में भी उसकी तलाश की जा रही है।

# शुआट्स के कर्मचारियों ने वेतन के लिए कर दी तालाबंदी

### बुधवार को एक बार फिर हंगामा किया आक्रोशित कर्मचारियों ने विभागों में तालाबंदी कर दी

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शुआट्स में कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया जिससे नाराज होकर बुधवार सुबह से ही कर्मचारी हंगामा करने लगे कई महीन से वेतन न मिलने से नाराज शुआट्स के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बुधवार को एक बार फिर हंगामा किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने विभागों में तालाबंदी कर दी। सुबह रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने से शुरू हुआ हंगामा रात में गेस्टहाउस तक पहुंच गया। शिक्षक और कर्मचारी शुआट्स के गेस्टहाउस पर नारेबाजी करते रहे। सुबह से ही डटी पुलिस आक्रोशित कर्मचारियों को समझाने में जुटी रही, लेकिन कोई हटने को तैयार नहीं हुआ। कॉलेज प्रबंधन की ओर से भी कोई अधिकारी आगे आकर कर्मचारियों की समस्या का हल निकालने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों ने चेताया कि जब तक उनका वेतन नहीं दिया जाएगा, वह काम नहीं होने देंगे।बता दें कि शुआट्स में पिछले आठ-नौ माह से शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को वेतन नहीं दिया गया है। इससे पूर्व हुए हंगामे के बाद दीपावली पर एक माह पुराना और वर्तमान का वेतन देकर मामले को शांत करा दिया गया था, लेकिन दिसंबर में फिर से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया। जिससे नाराज होकर बुधवार सुबह से ही शिक्षक, गार्ड एवं अन्य कर्मचारी बकाए वितन की मांग को लेकर पहले रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंच गए। वहां किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के न आने पर कर्मचारियों ने दफ्तर समेत सभी विभागों में ताला जड़ दिया। कक्षाएं बंद होने के बाद छात्र भी भीड़ का हिस्सा बन गए। शाम होने के बाद सभी शिक्षक व कर्मचारी शुआट्स के गेस्ट हाउस पहुंच गए और देर रात तक वहां नारेबाजी करते रहे।

# मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने हमारा संकल्प विकसित भारत की दिलाई शपथ

**प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बीएसएनएल वेन्डिग जोन सिविल लाइन्स में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत महापौर गणेश केसरवानी ने पुष्प गुच्छ देकर किया। मंत्री ने उपस्थित लाभाथीर्यो जन मानस को शपथ दिलाई,हम शपथ लेते है भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनायेगें, भारत की एकता को मजबूत करेगें,देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करेगें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड संदेश सुनाया गया तथा वीडियो के माध्यम से विकसित भारत संकल्प को दिखाया गया। कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' योजना के अंतर्गत सफल अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। वेन्डिग जोन में पीएम स्वनिधि लाभार्थी आवंटी के दुकान वेंडिग जोन का किया निरीक्षण। कार्यक्रम में महापौर गणेश केसरवानी विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई,पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह गौड़,पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डे, जिलाधिकारी नवनीत चहल, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग पीओ डूडा श्रीमती वर्तिका सिंह,अंशुमान गौड़, टीवीसी सदस्य रवि शंकर द्विवेदी कपूर चन्द्र केसरवानी, पार्षद पंकज जयसवाल किरन जयसवाल सोनिका अग्रवाल आन्नद सिंह नवीन शुक्ला सहित लाभार्थी आम जन मानस मौजूद रहा।



'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने साझा किए अनुभव

धूमधाम से मनाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

# प्रभारी मंत्री ने किया माघ मेला-2024 एवं महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में माघ मेला-2024 एवं महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मंत्री जी ने आगामी माघ मेले के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित कर ली जाये। मंत्री जी ने बैठक में पीडब्लूडी, विद्युत, स्वास्थ्य, सिंचाई, जल निगम, नगर निगम, मेला प्राधिकरण सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के द्वारा माघ मेला मे कराये जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। माघ मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद ने माघ मेला-2024 के सकुशल आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों के बारे में मंत्री जी को विभागवार कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2024 के आयोजन हेतु कराये जा रहे सभी विभागों के कार्य 25 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिए जायेंगे। माघ मेलाधिकारी ने बताया कि इस बार माघ मेले में कई नए कार्य कराये जाने के प्रस्ताव है, जिसमें बिजली विभाग द्वारा प्रमुख स्थानों पर सोलर हाइब्रिड लाइट लगायी जायेगी। कैम्पों में एमसीसीबी पैनल व डीसी वायरिंग का प्रयोग किया जायेगा, जिससे आग लगने की घटनाओं पर शत-प्रतिशत रोक लग सके। इसी प्रकार जल निगम के द्वारा माघ मेले में शुद्ध पेयजल के लिए इस बार महत्वपूर्ण व भीड़-भाड़ वाले मेला क्षेत्रों में 10 वॉटर एटीएम लगाये जायेंगे। इस बार पाण्टुन पुलों पर सोलर लाइट लगायी जायेगी। सिंचाई विभाग द्वारा कटान रोकने के लिए नई तकनीक जिओ ट्यूब कटर का इस्तेमाल किया जायेगा। माघ मेलाधिकारी ने बताया कि इस बार वर्ष पर्यन्त मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने का प्रस्ताव है। बैठक में पुलिस अधीक्षक मेला के द्वारा मेला को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था बनाये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित कर लिए जाने के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ-साथ जल पुलिस एवं एसडीआरएफ व अन्य सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। मेले में डीप वाटर वैरिकेटिंग, पार्किंग, पब्लिक एडेज्स सिस्टम, खोया-पाया केन्द्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करा ली जायेगी। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि माघ मेला 2024 का आयोजन प्लास्टिम मुक्त हो, इसके लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं साधु-संतो को भी जागरूक करें। उन्होंने मेला क्षेत्र में साइनेज को सही स्थान पर लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को इधर-उधर भटकना न पड़े। बैठक में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत स्वीकृत कार्यों को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने महाकुम्भ-2025 के पूर्व शेष बचे हुए अनटैप्ड नालों को अनिवार्य रूप से टैप्ड कराये जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि माघ मेला 2024 के कार्यों एवं महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे स्थायी कार्यों को समय से पूर्ण कराते हुए माघ मेला-2024 एवं महाकुम्भ-2025 को सकुशल, स्वच्छ, सुरक्षित तथा दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित कराया जायेगा। इस अवसर पर महापौर उमेशचन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा एडीजी जोन भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, आईजी चन्द्र प्रकाश, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# दिल्ली के इवेंट कार्यक्रम में सम्मानित हुई 10 महिला प्रधानों का जोरदार स्वागत

### महिला प्रधानों ने प्रयागराज के साथ साथ पूरे यूपी का बढ़ाया गौरव : गायत्री मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र के जन्मदिन पर लोगो ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्वालिटी कॉउंसिल ऑफ इंडिया संस्था द्वारा दिल्ली के पांच सितारा होटल लेमन ट्री मे बीते शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सरपंच संवाद इवेंट में यमुनापार की दस महिला प्रधानों ने सिरकत कर प्रयागराज का नाम रोशन करने के साथ साथ उत्तर प्रदेश का भी गौरव बढ़ाने वाली महिला प्रधानों का ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा द्वारा ब्लाक कैम्पस में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय हैं कि बीते 21नवम्बर को मेजा ब्लाक की महिला प्रधान शवीना बेगम लूतर, नेहा परवीन जरार, अनीता यादव लोटाढ, राधा पाल, अतरी अमिलिया, प्रियंका सरोज उसकी, उषा देवी, पटेहरा, सुषमा देवी सिरहिर,सुशीला देवी बधवा, चाका ब्लाक से नीलम पथिक बलापुर, एवं कौड़िहार ब्लाक से रेखा पाल घाटमपुर कुल मिला कर दस महिला प्रधानों का चयन दिल्ली इवेंट कार्यक्रम के लिए किया गया था । जिसमे उक्त दस महिला प्रधानों की विकास कार्य योजना को बेहद सराहा गया था और उन्हें इसके लिए सम्मानित भी किया गया था। इसी सम्मान के मद्दे नजर बुधवार को मेजा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र के जन्मदिन के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में दिल्ली में सम्मानित महिला प्रधानों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ मेजा श्रीमती सरिता सिंह ने भी सिरकत किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में दसों महिला प्रधानों का सर्व प्रथम माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन के पश्चात ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा पुष्पगुच्छ एवं अगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। श्रीमती मिश्रा सभी सम्मानित महिला प्रधानों का उत्साह वर्धन तथा आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारी महिला प्रधान महिला सशक्तिकरण के मद्दे नजर यमुनापार के मेजा के साथ साथ प्रयागराज व उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इसी क्रम में अखिल भारतीय प्रधान संगठन की प्रदेश इकाई के अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष काजी मोहम्मद मुअज्जम ऊर्फ पप्पू काजी ने संगठन की ओर से सम्मानित महिला प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी महिला प्रधानों ने पहली बार दिल्ली के होटल लेमन ट्री मे सम्मान पाकर उत्तर प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन कर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित समाज तभी बनेगा जब हमारी महिलाए समाज में आगे आयेगी। इसी क्रम में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी सत्येंद्र त्रिपाठी, नीलम पथिक, कंचन मिश्रा, सुरेश तिवारी, रामानुज यादव, राजेश द्विवेदी, सरण जीत भूर्तिया, राजमणि द्विवेदी, फतेह बहादुर निषाद, सर्फराज आलम, इंद्रदमन भूर्तिया, रामधारी बिंद ऊर्फ कल्लू ने भी क्रमवार अपने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने अपने जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित सभी लोगो को धन्यवाद देते हुए जहां मुंह मीठा कराया वहीं मीडिया कर्मियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता गंगा प्रसाद मिश्र प्रमुख प्रतिनिधि मेजा एवं संचालन अनिल शुक्ला ने किया। इस मौके पर मेजा ब्लाक के सभी प्रधान अधिकारी कर्मचारी एवं कई अन्य सम्मानित लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।








# श्रीराम कथा सारी सीमाओं को तोड़ते हुए लोगों को पवित्र करती है

### प्रेम आदर और त्याग से परिवार का होता है निर्माण : शांन्तनु महाराज

**नैनी।** नैनी के अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि परिवार प्रेम, स्नेह, समझ, त्याग से चलता है। पत्नी को पति की मौन भाषा को समझना चाहिए। भगवान राम के हर भाव को माँ सीता समझ जाती थी। परिवार महिलाओं के सम्मान से आगे बढ़ता है। भागीरथ की गंगा ने जरूर इस धरती के लोगों को पवित्र करने का काम किया है। गंगा सागर तक दो चार प्रदेश के लोग पापों से मुक्त होते हैं लेकिन राम कथा सारी सीमाओं को तोड़ते हुए लोगों को पवित्र करेगी। उन्होंने कथा में शिव पार्वती के भी संवाद का बड़े रोचक ढंग से वर्णन किया। प्रारंभ में दूसरे दिन के यजमान सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, विनोद जायसवाल ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर सत्यविजय, जयनाथ पांडेय, गुलाबराज पांडेय, गुरुप्रकाश राव, सौरभ कृष्ण शास्त्री, जयबाबू तिवारी, योगराज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य करछना कुलदीप त्रिपाठी, शैलेंद्र शर्मा प्रधान झीरी लच्छीपुर, अनिल विश्वकर्मा, बीबी दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# सोरांव गाँव में युवक मंगल दल का पुनर्गठन एवं महिला मंगल दल का हुआ गठन

### उरुवा ब्लॉक के सोरांवपातीं गाँव के पंचायत भवन के सभागार में चुनाव कार्यक्रम हुआ संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण एवं प्रादेशिक रक्षक दल की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक में युवक एवं महिला मंगल दलों की स्थापना नीति के अंतर्गत जिला युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशन एवं देख-रेख में विकास खंड उरुवा के ग्राम पंचायत सोरांवपातीं में महिला मंगल दल का गठन एवं युवक मंगल दल का पुनर्गठन किया गया। विकास खंड उरुवा के मेजारोड,सिरसा मार्ग स्थित सोरांवपातीं गांव के पंचायत भवन में कल 6 दिसंबर 2023,दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे चुनाव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण युवक व युवतियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर सर्वसम्मति से दोनों दलों के लिए निम्न पदाधिकारी चुने गये

**महिला मंगल दल:** कु.शिवानी अध्यक्ष, रिया शुक्ला उपाध्यक्ष, वर्षा मिश्रा मंत्री, नव्या पांडेय सँयुक्त मंत्री, आकांक्षा कुशवाहा कोषाध्यक्ष और आकांक्षा विश्वकर्मा, साक्षी, सानिया, जन्नत, जानवी पांडेय व वैष्णवी सभी सदस्य पद पर चुने गए। इसी प्रकार से युवक मंगल दल में विवेक शुक्ला अध्यक्ष, आदिल अंसारी उपाध्यक्ष, हिमांशु मिश्रा मंत्री, प्रिंस शुक्ला सँयुक्त मंत्री, अंकित विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष और मौसम कुशवाहा, हिमांशु द्विवेदी, मो.अमान, सूरज पांडेय, चंचल प्रजापति, आयुष द्विवेदी, हर्षित तिवारी, आदित्य द्विवेदी, शिवम पांडेय, प्रियांशु मिश्रा, पियुष द्विवेदी, सक्षम शुक्ला व आकाश सैनी सभी सदस्य पद पर चुने गए है।





# नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की 61वी वर्षगांठ पर जिलाधिकारी / नियंत्रक ध्वजोत्तोलन एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**प्रयागराज।** बुधवार को 61वें नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र कार्यालय परिसर में नागरिक सुरक्षा ध्वज के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी/ नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा प्रयागराज महोदय द्वारा ध्वजोत्तोलन किया गया। तद्धपरान्त महोदय द्वारा आपदा संबंधी उपकरणों का निरीक्षण किया गया एवं नागरिक सुरक्षा की शपथ ग्रहण करायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नागरिक सुरक्षा दिवस के संदेश का पाठन किया गया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, भारत सरकार विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट द्वारा निदेशक, नागरिक सुरक्षा उ०प्र० अशोक कुमार, एस०पी०-प्रोटोकाल, हाईकोर्ट ने गृह सचिव, नागरिक सुरक्षा भारत सरकार से प्राप्त संदेशों को वाचन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में नागरिक सुरक्षा प्रयागराज के कियाकलापों की प्रशंसा करते हुए एयर फोर्स डे एवं देव दीपावली पर किये गये कार्यो को सराहा एवं भविष्य में निरन्तर सकिय रहते हुए अपने कार्यों को करते रहने की अपेक्षा की गयी। मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) महोदय ने अपने उद्बोधन में निष्काम कार्य करने वाले वार्डन पदाधिकारियों "सर्व भूत हिते रतः की भावना से कार्य करने के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय के समक्ष श्री नरेन्द्र शर्मा, उपनियंत्रक द्वारा नागरिक सुरक्षा का परिचय, आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ वर्ष भर में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों द्वारा सम्पादित सभी महत्वपूर्ण कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। अनिल कुमार, चीफ वार्डेन ने नागरिक सुरक्षा की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन सादिक हुसैन सिद्दीकी, डिप्टी चीफ वार्डन एवं कार्यक्रम का संचालन श्री रौनक गुप्ता, डिवीजनल वार्डेन रिजर्व द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री प्रसन्न कुमार सक्सेना, कर्नल, 16 यू०पी० बटालियन, एन०सी-०सी०, श्री अभिन्न श्याम गुप्ता, बैडमिंटन खिलाडी, डा० राजीव कुमार पाण्डेय, चीफ फावर आफिसर, श्री अमित कुमार, यातायात निरीक्षक, जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड आदि अधिकारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नगर) नगर मजिस्ट्रेट, कर्नल, एन०सी०सी महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को अपने कर कमलों से प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया। उक्त के पश्चात मतदाता जागरूकता हेतु रैली/रुटमार्च को जिलाधिकारी महोदय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसमें पुलिस बैण्ड, पी०ए०सी बैण्ड के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में समस्त प्रखण्डों के बैनर सहित नागरिक सुरक्षा के वार्डन/स्वयंसेवकगण, अग्नि शमन विभाग, चिकित्सा विभाग, एन०सी०सी० कैडेट्स, आदि ने प्रतिभाग किया। ध्वजोत्तोलन स्थल पर महिला पदाधिकारियों द्वारा फूलों की रंगोली सजाई गई तथा आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री मनोज कुमार गुप्ता एवं स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं वंदेमातरम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक, श्री राकेश कुमार तिवारी, समस्त प्रखण्डों के डिवीजनल वार्डन श्री महेन्द्र सक्सेना, श्री राजीव भनोट, श्री संजीव वाजपेयी, श्री श्रीकृष्ण तिवारी, डिवीजनल वार्डेन रिजर्व श्री रौनक गुप्ता, डिप्टी डिवीजनल वार्डन रिजर्व श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकान जी डिप्टी चीफ वार्डन श्री मनी मेहरा, स्टाफ आफिसर श्री रवि शंकर द्विवेदी, समस्त आई०सी०ओ०, पोस्ट वार्डेन, सेक्टर वार्डेन, व स्वयं सेवकों सहित लगभग 500 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# डा0 अम्बेडकर के योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता: आशीष श्रीवास्तव

## परिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संविधान निमार्ता भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आज भाजपा कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने डा0 अम्बेडकर के संघर्षों की चर्चा करते हुए उनके योगदानों की विस्तार से चर्चा की।

इसके पूर्व शहर के अम्बेडकर चैराहे पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी, महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने डा0 अम्बेडकर अमर रहे के नारे लगाए। यहां माल्यार्पण करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारी टेउंगा स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

## बाबा साहब की पुण्यतिथि पर डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ. भीम राव अंबेडकर की आज (06 दिसंबर) पुण्यतिथि है। राष्ट्र आज बाबा साहब की पुण्यतिथि मना रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को जानने के लिए उनके विचारों को पढ़ने की जरूरत है। बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है। जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है। हम लोगो को उनके बताये रास्ते पर चलना है तभी हम भारत का निर्माण कर सकते है। भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें याद किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ0 भीमराव अम्बेडकर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज तहसील सभागार में बुधवार को संविधान विशेषज्ञ बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम लालधर सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने देश के संविधान में वंचितों तथा कमजोर तबको को सम्पूर्ण न्याय दिलाने के लिए अहम वैचारिक योगदान दिया है। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के विचार दर्शन की पूरी दुनिया आज इसलिए सम्मान करती है कि डा. अम्बेडकर का विचार दर्शन सामाजिक सदभाव के साथ समतापरक न्याय पर आधारित है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर सपाईयों ने डा0 अम्बेडकर को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**अखंड भारत संदेश**



बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व एमएलसी डा0 एसपी सिंह।

**प्रतापगढ़।** पूर्व एमएलसी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर चैराहा पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रमन पासी, ब्लाक अध्यक्ष उदय सरोज, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष जियाउल इसहाक, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य मो. सारिक, मो.लईक, संजय सिंह, गिरजा शंकर पटेल, राजकुमार विश्वकर्मा, विकास यादव, प्रदीप यादव, अमित पटेल, जीतेन्द्र पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उधर अपना दल (एस) के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल के नेतृत्व में अपना दल एस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा बाबा साहब गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। इस मौके पर अंबेडकर चौराहा पर पहुंचा कर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव विधि मंच परमानंद मिश्र ने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आज 66वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारिता मंच मिथिलेश सिंह पटेल, बौद्धिक मंच के प्रदेश महासचिव कुशाग्र श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मोहम्मद फहीम, महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव लाखू चैधरी आदि मौजूद रहे।

# पट्टी के बेसार गांव की ग्राम प्रधान ने की सूबे की राज्यपाल से मुलाकात

## महिलाओं ने पिंक टॉयलेट की किया तारीफ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लखनऊ स्थित राज भवन में प्रदेश के 13 ग्राम प्रधानो ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात किया। पट्टी तहसील क्षेत्र के बेसार गांव की ग्राम प्रधान कंचन पटेल ने राज्यपाल से मुलाकात करके महिलाओं के हितों के संबंध में अपनी राय रखी , वही राज्यपाल ने महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक टॉयलेट की तारीफ भी किया।

घर आई नन्ही परी फाउंडेशन के अन्तर्गत कई ग्राम प्रधान साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं जिसमें ग्राम पंचायत के अंतर्गत जन्मी बेटियों की खुशियां उनके घर वालों से मिलकर मनाते हैं और ग्राम पंचायत में कार्यक्रम भी करते हैं। बेटी और मां को सम्मान देकर उन्हें उपहार भी देते हैं जिसमें बेसार गांव की ग्राम प्रधान कंचन पटेल भी जुड़ी हुई हैं वह बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लेती हैं। ग्राम प्रधानों के इस मुहिम में शामिल कंचन पटेल महामहिम राज्यपाल से मिली और महिला हितों के लिए योजनाओं के बारे में बात किया इस दौरान महामहिम राज्यपाल महिलाओं के इस मुहिम की तारीफ किया और कहां कि यह एक अच्छी पहल है। इस संबंध में ग्राम प्रधान बेसार कंचन पटेल से बात करने पर उन्होंने बताया कि घर आई नन्ही परी फाउंडेशन के तहत बच्ची के जन्म लेने पर घर वालों को प्रोत्साहित किया जाता है, खुशियां मनाई जाती हैं तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी कराया जाता है । उन्होंने बताया कि उनकी इस मुहिम में महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा 25 हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि बेसार गांव की बच्चियों को किट उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया है। इसके लिए उन्होंने महामहिम राज्यपाल को धन्यवाद दिया।



सूबे की राज्यपाल से मिलती बेसार गांव की ग्राम प्रधान।

## समाजसेवी ने मृतक काशी प्रसाद की सुपुत्री के तिलकोत्सव में उठाई जिम्मेदारी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** समाजसेवी संजय मिश्रा ने अपने वादे के मुताबिक सांगा पट्टी गांव के मृतक काशी प्रसाद मिश्रा की सुपुत्री की शादी के लिए संपूर्ण खर्च वहन करने के वादे के मुताबित मंगलवार को आयोजित मृतक की पुत्री तनु मिश्रा के तिलकोत्सव कार्यक्रम में समस्त खर्च वहन किया। कुछ दिन पहले सांगापट्टी गांव के रहने वाले टेंपो चालक काशी प्रसाद मिश्रा की बाजार में हत्या कर दी गई थी। समाजसेवी संजय मिश्रा ने खबर सुनते ही मृतक की बेटी तनु मिश्रा की शादी का संपूर्ण खर्च वहन करने की जिम्मेदारी उठाई थी। मंगलवार को तनु के तिलकोत्सव कार्यक्रम के तहत उन्होंने वर पक्ष को 51 हजार उपहार स्वरूप दिया तथा विदाई आदि की रस्म का खर्च भी उठाया, जिसकी सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

## अब छात्राएं सीख रही हैं आत्मरक्षा के गुण, सरकारी स्कूलों में सिखाए जा रहे है जूडो कराटे

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी स्कूलों में छात्राओं को शिक्षा के साथ ही आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। अब वह खुद की रक्षा स्वयं ही करेंगी।सरकारी स्कूलों में प्रतिदिन यह कार्य चल रहा है। 24 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ।

स्थानीय विकास खंड में बीते 02 नवंबर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय जानमती, पूर्व माध्यमिक विद्यालय असैनापुर तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहा की छात्राओं को जूडो कराटे में पारंगत किया जा रहा है। स्कूलों के अलावा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को भी यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षाओं में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों की कक्षाओं की तरह जूडो कराटे सिखाने के लिए भी अलग कक्षा का संचालन किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव का कहना है कि इस प्रशिक्षण से छात्राएं सशक्त बनेंगी और विपरीत समय में आत्मरक्षा के लिए तैयार रहेंगी। प्रशिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया कि जूडो कराटे का प्रशिक्षण पाकर छात्राएं प्रसन्न हैं और वे पूरी तन्मयता से इस कला को सीख रही हैं। प्रशिक्षिका द्वारा छात्राओं में आत्मरक्षा का आत्मविश्वास जगाते हुए पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैक कर धूल चटाना जैसी तकनीकों को सिखाया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कस्तूरबा विद्यालय की प्रभारी वार्डेन वंदना पांडेय, कामना मिश्रा, आशा रानी, संजय कुमारी व शिक्षक संजीव द्विवेदी समेत सभी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।



स्कूल में जूडो कराटे सीखती छात्राएं।

## बाइक की टक्कर से किशोर घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात बाइक द्वारा किशोर को जोरदार टक्कर मारने से वह गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने समेत कई धाराओं में मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के महराजपुर जगन्नाथपुर निवासी श्रीनाथ के पुत्र विनोद सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीन दिसंबर को दो बजे दिन उसका पुत्र आकाश 13 घर के समीप खड़ा था। इस बीच अचानक तेजी से बाइक चलाते हुए अज्ञात आरोपी ने आकाश को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में आकाश को गंभीर चोटें आयीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही वाहन को तलाश कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान के प्रति आस्था है सद्मार्ग का प्रकाशः स्वामी इन्दिरारमणाचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के देवली स्थित संत निवास में बुधवार को श्रीमदभागवत कथा में भगवान द्वारिकाधीश के भजन संकीर्तनों में श्रद्धालुओं को हर्षातिरेक में देखा गया।

कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री जगन्नाथपुरी धाम के अनन्त विभूषित स्वामी श्री इन्दिरारमणाचार्य ने कहा कि मनुष्य आध्यात्मिक सोच की पवित्रता रखता है तो उसे स्वतः जगत कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो जाया करता है। स्वामी जी ने कहा कि भगवान की कथा हमें मानव जीवन की समानता का भी बोध कराती है। उन्होंने कहा कि भगवान ने सृष्टि का सृजन करते हुए बेटे और बेटियों के सारगर्भित महत्वता का भी हमें शाश्वत संदेश दिया है। उन्होनें कहा कि प्राणी को भोजन करते समय वैचारिक शुद्धता के लिए श्रीमन्ननारायण का स्मरण करना चाहिए। उन्होनें कहा कि भगवान को भोग लगाकर उन्हें प्रणाम करते हुए भोजन ग्रहण करना अमृत प्रसाद का रसानुभूति कराता है। कथा के संयोजक धमार्चार्य पं. ओमप्रकाश पाण्डेय अनिरूद्ध रामानुजदास तथा नारायणी निर्मला पाण्डेय रामानुज दासी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक सरला ओझा तथा इं. अनामिका पाण्डेय व डा. हेमन्त शुक्ला तथा डा. अवन्तिका ने श्रीमद्भागवत महापुराण का विधिविधान से पूजन किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, युवा समाजसेवी मोनू पाण्डेय, इं. पूजा पाण्डेय, विश्वम प्रकाश पाण्डेय, इं. आलोक समदरिया, डा. अंकिता पाण्डेय, शशिधर प्रकाश पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, विनय, गोपाल, आनन्द आदि रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु प्रकाश पाण्डेय घनश्याम ने गुरूदेव नारायण स्वामी जी का श्रद्धालुओं की ओर से श्रीअभिषेक किया।

## परिषदीय विद्यालय बहोरिकपुर में दिव्यांग बच्चों को वितरित हुआ उपकरण

### जिला समन्वयक की देखरेख में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा/समेकित शिक्षा के अंतर्गत एलिम्को कानपुर के सहयोग से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में विकास खंड बाबागंज परिषदीय विद्यालय बहोरीकपुर (बीआरसी) में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों हेतु उपस्कर/उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को आशीर्वाद देते हुए प्रतिदिन विद्यालय जाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शालिनी मिश्रा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया।



परिषदीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपकरण के साथ दिव्यांग बच्चे।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए बाबागंज एआरपी अरुणपति त्रिपाठी, अशोक कुमार, शिक्षक संघ अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष शिव प्रकाश द्विवेदी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित किया। पात्र बच्चों को उपकरण/उपस्कर वितरित कर अपने संबोधन में दिव्यांगों के लिए चल रही योजनाओं के लिए एलिम्को और समेकित शिक्षा विभाग की सराहना की। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने आभार प्रगट किया। उपकरण वितरण कार्यक्रम में 16 ट्राइसाइकिल, 27 व्हील चेयर, 14 सी पी चेयर, 74 बैसाखी, 50 हियरिंग ऐड, 45 रोलेटर, 08 ब्रैल किट, 28 कैलिपर कुल 262 उपकरण का वितरण किया गया, जिसमे कुल 142 पात्र बच्चे लाभान्वित हुए। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शालिनी मिश्रा ने बच्चों को अनवरत शिक्षा से जुड़े रहने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन करते हुए सभी आगंतुकों का आभार प्रगट किया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार पांडे एवम एलिम्को से आए निलय कुमार सिंह ऑडियो लॉजिस्ट, आदर्श द्विवेदी हंजला इरशाद, अशोक कुमार टेक्नीशियन ने सामग्री का सत्यापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजुकेटर हिमांशु रंजन मिश्रा, विनोद कुमार, सुप्रिया सिंह, दीपशिखा सिंह, मनीष कुमार पाठक, राम सूरत यादव, रविंद्र द्विवेदी, गौतम प्रसाद, घनश्याम राणा, मनीष यादव, अंजू शुक्ला, गिरीश त्रिपाठी, रेखा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विशेष शिक्षक हिमांशु मिश्रा द्वारा किया गया।

## वांछित को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के वांछित आरोपी को बुधवार की सुबह फोर्स के साथ धर दबोचा। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। भटनी गांव में सुबह पौने ग्यारह बजे पुलिस ने वांछित के घर दबिश दी। दबिश के दौरान विद्युत चोरी के मुकदमें में कोर्ट द्वारा वांछित आरोपी महादेव का पुत्र इंद्र बहादुर सिंह पुलिस के हाथ लग गया। पूछताछ के बाद दोपहर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

## कार्यक्रम में 101 किसानो ने सहभागिता की

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के कृषि विज्ञान केन्द कालाकॉकर प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित विश्व मृदा दिवस मनाया गया जिसका मुख्य विषय मृदा एवं जल-जीवन का एक स्रोत केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, वैज्ञानिकगण तथा कृषक महिला एवं कृषक उपस्थित रहे जिसमें 101 किसानों ने इस महत्वपूर्ण दिवस मे सहभागिता की।

इस अवसर पर एक किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें किसानों को मृदा का स्वास्थ्य एवं जल की रक्षा करने के उपाय बताये गये वही किसानों की समस्या का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया गया।

डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने इस अवसर पर किसानों को मृदा को कैसे स्वस्थ रखा जाए पर चर्चा की। डा0 नवीन कुमार सिंह ने खेती के साथ पशुपालन पर जोर देते हुए बताया कि खेती में उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य बनाये रखने व अतिरिक्त आमदनी के लिए पशुपालन जरूरी है। भाष्कर शुक्ला ने किसानों को खेती में रासायनिक पेस्टिसाइड्स का प्रयोग कम से कम करने की सलाह दी। गृह वैज्ञानिक स्वाती दीपक दुबे ने घरेलू अवशेष को पोषण वाटिका में प्रयोग कर वर्ष भर सब्जी उत्पादन करने पर जोर दिया। डा0 यतेन्द्र कुमार ने प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले गौ आधारित उत्पाद (जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र ब्रहमास्त्र, अग्नास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि) बनाने की विधियों को बताया। प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश कुमार सिंह ने स्वस्थ मृदा लिए वर्मी कम्पोस्ट की उपयोगिता एवं प्रयोग के तरीके बताये साथ ही कार्यक्रम का संचालन किया तथा आये हुए किसानों व अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, भाष्कर शुक्ला, स्वाती दीपक दुबे, डा0 अवधेश सिंह, डा0 अमित बरनवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, विनोद चैरसिया, जुगुल किशोर तिवारी, रविशंकर, जी0 आर0 पटेल तथा छात्र सहित किसान मौजूद रहे।



कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद किसानगण।

# कछार से भटक कर बस्ती में पहुंचे हिरन को कुत्तों ने नोंचा, ग्रामीणों ने बचायी जान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आठ माह के हिरन को गांव के आवारा कुत्तों ने नोंचकर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों ने कुत्तों से उसकी जान बचाई और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग घायल हिरन को कब्जे में लेकर उपचार करवा रहा है। नदी के कछारों में पाये जाने वाले हिरन को गांव में पहुंचने पर लोगों में कौतूहल देखा गया।

लालगंज कोतवाली के असैनापुर गावं के समीप सई नदी के किनारे कछारों में पाढ़ा प्रजाति के हिरन पाये जाते हैं। बुधवार को आठ माह का नर पाढ़ा भटकते हुए बस्ती में पहुंच गया। हिरन के बस्ती में पहुंचते ही आवारा कुत्ते उसे नोंचने लगे। कुत्तों के नोंचने से हिरन लहूलुहान हो गया। यह देख ग्रामीणों ने कुत्तों से हिरन की जान बचायी और वन विभाग को सूचना दी।

सूचना पर वन दरोगा रमेश मिश्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गांव में बंधे घायल हिरन को उपचार के लिए वन प्रभाग कार्यालय लाये। यहां पशु चिकित्सक द्वारा लहूलुहान हिरन का उपचार चल रहा है। कुत्तों के हमले में हिरन का दोनों पैर व पूंछ का कुछ हिस्सा जख्मी हुआ है। हिरन के गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों के बीच कौतूहल देखा गया। लालगंज के वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र ने बताया कि हिरन की हालत खतरे से बाहर है।

## धाम के सर्वांगीण विकास में सरकार करे समाज का सहयोग

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध संस्था भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा गत वर्षों की भांति वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता बरिष्ठ संरक्षक देबी प्रसाद मिश्र तथा संयोजन अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने किया। संचालन महासचिव समाज शेखर ने किया। अधिवेशन में प्रारम्भ में ही धाम के महासचिव व बकुलाही नदी पुनरोद्धार अभियान के संयोजक समाज शेखर ने धाम व नदी क्षेत्र के समस्त पहलुओं व विन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सर्व सम्मति से निम्नांकित विषयों पर चर्चा करके निर्णय लिए गए। इस दौरान भयहरणनाथ धाम आने के मार्गों पर चर्चा हुई। प्रतापगढ से धाम आने वाले मुख्य मार्ग की दशा अत्यन्त खराब व अतिक्रमण युक्त होने पर चर्चा हुई। इस दौरान भयहरणनाथ धाम के वार्षिक अधिवेशन में सभी सदस्यों तथा भक्तों ने जेठवारा कानूपुर से कटरा गुलाब सिंह मार्ग की दुर्दशा पर दुख जताते हुए तरह तरह की रोजमर्रा की समस्याओं को चिन्ता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक लालता प्रसाद मिश्र, देबी प्रसाद मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष बबन सिंह, उमाकान्त पाण्डेय, कोषाध्यक्ष लालजी सिंह सचिव चिन्तामणि तिवारी, मनीराम पटेल, यथार्थ शेखर, उमा शंकर सिंह, शिवमूर्ति मिश्र तथा राज कुमार गौतम आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मारपीट में कई लोग घायल, एक युवक की हुई मौत

## मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई,मारपीट में कई लोग घायल हो गए,जबकि एक युवक को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई,युवक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के बैरहना में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ है,विवाद के दौरान मारपीट शुरू हो गई,दोनो पक्षों में मारपीट के दौरान कई लोग घायल हो गए,इस मारपीट में सुरेमन उम्र 35 वर्ष पुत्र सैकु पासी की मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र की सिंघिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## अधेड़ महिला को वाहन ने मारी टक्कर मौके पर दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के कमासिन चौराहे से चंद कदम दूर नेशनल हाईवे पर एक अधेड़ महिला को किसी वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे मौके पर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम तकरीबन 6:00 बजे के आसपास सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन चौराहे से थोड़ी दूर गुप्ता ढाबा के पास नेशनल हाईवे पर तकरीबन 40 वर्षीय एक महिला की लाश मिली है आशंका जताई जाती है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई सड़क के पास लाश मिलने की जानकारी मिलने पर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई पुलिस ने लोगों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी युवक की जहर खाने से मौत

### साले पर जहर खिलाने का आरोप गम्भीर हालत में युवक खुद पहुंचा थाने

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के आरोप में जेल गए युवक की जमानत पर छूट कर आने के बाद जहरीला पदार्थ खाने से इलाज के दौरान मौत हो गई है गंभीर हालत में तड़प रहे युवक ने साले पर जहर खिलाने का आरोप लगाया है हालत बिगड़ने पर युवक खुद पुलिस थाना पहुँचा युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है,मृतक कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर बाहर आया था, युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है,वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बड़ा गांव के मिथलेश कुमार की शादी एक साल पहले संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीटी गांव में हुई थी। साल भर पहले उसकी पत्नी की की लाश फंदे पर लटकती हुई मिली थी। मामले में ससुरालियों ने मिथिलेश पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पत्नी की मौत व खुद के ऊपर हुई कार्रवाई से वह काफी आहत था।परिवार वालों का कहना है कि 10 दिन पहले वह जमानत पर रिहा होकर आया था। वह काफी गुमसुम रहा करता था,वह प्रयागराज में ई रिक्शा चला कर मां का और अपना पेट पालता था,मंगलवार दोपहर मिथिलेश ने जहर निगल लिया और ससुराल वालो के खिलाफ शिकायत करने संदीपन घाट थाना पहुंच गया। कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा, आनन फानन उसे एंबुलेंस से मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# मानव तस्करो के चंगुल से भागकर युवती पहुंची पुलिस थाना

### पुलिस ने राजस्थान के 5 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के रास्ते कार से एक युवती को एक लाख में खरीद कर जबरन शादी के लिए राजस्थान लेकर जा रहे मानव तस्करों के चंगुल से युवती भाग निकली और कोखराज थाना पहुंच गई,कोखराज थाना पुलिस से शिकायत के बाद पुलिस ने कार सवार राजस्थान के 5 मानव तस्करो को गिरफ्तार कर लिया और लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया लंबे समय से जिले में शादी के नाम पर मानव तस्करी का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गाजीपुर जनपद से एक युवती को मुगल सराय की रहने वाली मानव तस्कर महिलाओ ने फंसाकर एक लाख रुपए लेकर राजस्थान के मानव तस्करों के हाथ बेच दिया। युवती को लेकर राजस्थान के 5 लोग एक कार से राजस्थान के लिए निकले थे।वही युवती की मा ने गाजीपुर पुलिस को इसकी शिकायत कर दी,पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुटी हुई थी। देर रात सभी लोग कोखराज थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबा में रुके तो युवती ने रोना शुरू कर दिया और साथ में जाने से इंकार कर दिया।जिसके बाद उन लोगो ने युवती को एक लाख रुपए में खरीदने की बात बताई,जिसके बाद युवती मौका लगाकर वहा से भाग निकली और कोखराज थाना पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी,युवती की शिकायत पर पुलिस ने कैलाशचन्द्र तिवारी, नोरत मल पुत्रगण स्व0 सोहनलाल, मुकेश चन्द्र तिवारी, सुरेश तिवारी पुत्रगण स्व0 कैलाशचन्द्र तिवारी और कैलाश शर्मा पुत्र राधेश्याम को पकड़ लिया और गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया और सभी 5 मानव तस्करों को जेल भेज दिया।

## पुलिस रह गई ताकती, कातिल ने किया कोर्ट में सरेंडर

**अझुवा कौशांबी।** हत्या के नामजद आरोपी ने सैनी कोतवाली पुलिस को छकाते हुए कोर्ट में सरेंडर कर दिया जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया है। ग्राम सभा धूमाई में 11 अक्टूबर की शाम नाली का पानी रास्ता में भरे होने के विवाद में राहुल विश्वकर्मा पुत्र हरदेव ने पड़ोसी राम नेवाज पुत्र भिक्खू ,को तमंचे से गोली मार दी गोली के छर्रे से पार्वती पत्नी अमृत लाल,विनीता पुत्री अमृत लाल घायल हो गई वहीं रामनेवज की मौत हो गई थी रामनेवाज की पत्नी यशोदा ने राहुल विश्वकर्मा के नाम नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था ।मुकदमा दर्ज कर सैनी कोतवाली पुलिस कातिल राहुल को तलाश रही थी किंतु राहुल नही मिला 4 दिसम्बर को राहुल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

## दूसरे दिन भी कलम बन्द हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

**तिल्हापुर मोड।** कौशांबी चरवा थाने के बलीपुर टाटा गांव के।मीप एक सप्ताह पूर्व तहसील से घर जा रहे अधिवक्ता की पिटाई मामले में बुधवार को वकीलों का गुस्सा जारी रहा। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी ना होने से नाराज वकीलों ने तहसील में प्रदर्शन कर तहसील परिसर में कलम बन्द हड़ताल कर विरोध जाहिर किया । इस दौरान प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अनिश्चित काल कलम बन्द हड़ताल रहकर वकील न्यायिक कार्य से विरत हो गए। चरवा थाना के पूरे कलापत गांव निवासी दिव्यमणि सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं। वह तहसील चायल में प्रैक्टिस करते हैं। उनके अनुसार 20 नवंबर को वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बलीपुर टाटा गांव के समीप घात लगाकर बैठे दबंगों ने जमीनी विवाद से अधिवक्ता की पिटाई कर दी मामले को लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष है घायल अधिवक्ता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है पुलिस की कार्रवाई न होने से नाराज अधिवक्ताओं का गुस्सा बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा महामंत्री राजेश्वर सिंह की अगुवाई में वकीलों ने तहसील में प्रदर्शन कर कहा कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं कराई जाती तब तक अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे इस दौरान महामंत्री राजेश्वर यादव कोषाध्यक्ष अजीत सिंह यादव पुस्तकालय अध्यक्ष रामनरेश पटेल दुष्यंत सिंह एडवोकेट अजीत सिंह एडवोकेट घनश्याम कुमार एडवोकेट बलवंत सिंह एडवोकेट राधे मोहन पटेल वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत विद्यासागर एडवोकेट सुनील कैथवास एडवोकेट अजय पांडे एडवोकेट राहुल एडवोकेट निरंजन कुमार एडवोकेट पूर्व मंत्री सगीर अहमद एडवोकेट शिखर केसरवानी एडवोकेट आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता को मार पीट कर घर से भगाया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के सुग्रीव पटेल ने अपने पुत्री नीतू पटेल की शादी 31 जनवरी 2019 को अरोहन पटेल पुत्र विजय सिंह निवासी इस्माइल पुर कोटवा थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज के साथ हिन्दू रीति रिवाज से की थी बेटी के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार मोटर साइकिल इत्यादि दान दहेज देकर शादी किया था। शादी में विदा हो कर बेटी ससुराल गयी तो दूसरे दिन से ही ससुराल वाले पति अरोहन, सांस ननकी देवी,ससुर विजय सिंह व अमित सिंह व विनय ने विवाहिता से दहेज में एक लाख नगद व वैगन आर चार पहिया की मांग करने लगे। पिता ने असमर्थता जताई दहेज न मिलने से ससुराली जनों ने विवाहिता को भला-बुरा कहने लगे। विवाहिता ने अपनी मजबूरी बतायी कि मेरे माता-पिता को एक और बहन की शादी करना है। मेरे माता-पिता आप लोगों की मांग अब पूरी नहीं कर पाएंगे। इतनी सी बात में ससुराली जनों ने गाली गलौज देते हुए जलाकर मार डालने की धमकी देते हुए विवाहिता को मारे पीटे विवाहिता ने आप बीती अपने माता-पिता व भाई से बतायी, माता-पिता व भाई विवाहिता के घर जाकर ससुराली जनों से अनुनय विनय किया। फिर भी विवाहिता के ससुराली जन माननें को तैयार नहीं हुए। 30 सितम्बर को उक्त ससुराली जनों ने विवाहिता को मार पीट कर शादी के समान को छीनकर घर से भगा दिए हैं। विवाहिता ने अपने भाई के साथ जाकर ससुराली जनों के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को देकर दहेज लोभी ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी मंझनपुर ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर और उनके एक साथी के विरुद्ध अदालत के आदेश पर करारी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है मामले में महिला रंगीता पत्नी स्वर्गीय हरदेव निवासी बंधवा कल्याण मजरा इब्राहीम पुर थाना करारी ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर और उनके साथी आसाम बाबू उर्फ धुम्मा पर आरोप लगाया है कि महिला के पति को 04 अक्टूबर 2022 को घर से बुला कर ले गए और विद्युत करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया है नवरात्रि के पर्व पर देवी पूजन के स्थान पर जनरेटर लगाया गया था जिसके करंट से महिला के पति की मौत हुई थी महिला ने मामले की सूचना थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक को दी लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हुआ जिस पर महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए रहा समर्पित

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** भारत रत्न' बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंझनपुर में जिला अध्यक्ष भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में हुआ था. इस दिन को बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है. बाबा साहेब न सिर्फ संविधान निमार्ता बल्कि एक फेमस राजनीतिज्ञ और फेमस न्यायविद भी थे. उन्होंने जीवन भर समाज में व्याप्त छूआछूत, दलितों, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है, सामाजिक अन्याय को समाज से मिटाने के लिए काम किया.'श्रद्धेय बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी जिला महामंत्री संजय जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी श्रीमती कविता पासी नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेन्द्र सरोज फौजी सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता के साथ पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में संजय जयसवाल आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा भाई अजय पांडे राकेश पांडे सत्यम केसरवानी, जितेन्द्र साहू, गोलू सिंह पटेल एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष समेत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की डीएम ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान नामित नोडल अधिकारियों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर शासनादेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को स्टॉल के माध्यम से ग्रामवासियां को विभागीय योजनाओं की जानकारी तथा पात्र लोगों को लाभान्वित कराने के निर्देश दियें। उन्हांने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन के पात्र लाभार्थियों का तत्काल आवेदन करवाकर तथा जिलापूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड के लिए पात्र लोगों का आवेदन करवाकर लाभान्वित कराने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें बतादें कि शासन के निदेर्शानुसार रोस्टरवार जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन/विशेष कर वंचित लोगों को जागरूक करना,विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/फीडबैक प्राप्त करना आदि है।

## आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

### ग्राम पंचायत-पहाड़पुर, चकसहनपुर, उजहिनी हसनपुर, चित्तापुर, रक्सराई, थोन, देवरा, शोभना, हर्रायपुर, फैजुल्लापुर एवं बैरमपुर में हुआ कार्यक्रम



**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-पहाड़पुर, चकसहनपुर, उजहिनी हसनपुर चित्तापुर रक्सराई थोन देवरा शोभना हर्रायपुर फैजुल्लापुर एवं बैरमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया।किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। ह्वमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना।

## न्यूज झरोखा

### बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर डीएम ने अर्पित किया श्रद्धांजलि



**कौशाम्बी।** बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्मरण तथा विचार एवं दर्शन पर प्रकाश डाला गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में आयोजित पुष्पांजलि सभा में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण डॉ0 विश्राम व अरूण कुमार गोंड तथा उप जिलाधिकारीगण प्रबुद्ध सिंह राहुल देव भट्ट व आकाश सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्मरण किया जनपद के शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों यथा-भाषण व व्याख्यान सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

### दीवान से उपनिरीक्षक बनने पर थानाध्यक्ष चरवा ने उपनिरीक्षक को लगाए स्टार



**चरवा,कौशाम्बी।** ओमप्रकाश पुत्र स्व फितूर राम निवासी ग्राम पवनी कला थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ ने अपनी पढ़ाई करने के दौरान एक मई सन 1991 में उ० प्र० पुलिस में भर्ती हुए। करेक्टर रोल अच्छा होने से प्रमोशन के दौरान 2017 में जनपद कौशाम्बी के कोखराज थाना के सिंघिया भरवारी चौकी से दीवान हुए। लगभग दो वर्ष से चरवा थाना में हेड मुहर्रिर के रूप में जिम्मेदारी से निर्वाहन कार्य कर रहे ओमप्रकाश को शासनादेश के आदेशानुसार उपनिरीक्षक बनाया गया। थानाध्यक्ष चरवा बलराम सिंह ने शासन के आदेशानुसार 6 दिसम्बर को स्टार लगा कर सम्मानित करते हुए पुलिस की छवि को बरकरार रखने की अपील किया। चरवा थाना समस्त स्टाफ ने उपनिरीक्षक ओमप्रकाश को बधाई दिया।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में फैंसी ड्रेस कंपटीशन का हुआ आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में बुधवार को प्राइमरी के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमे समस्त बच्चों ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः तीन ग्रुप में किया गया।निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में उपस्थित होकर कार्यक्रम को अत्यंत ही सराहनीय एवं आकर्षक बताया एवं बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन से खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों को संबोधित किया। प्रतियोगिता में प्राइमरी के समस्त प्रतिभागी छात्रों ने बहुत ही मनमोहक और सुंदर कपड़े पहनकर अनेक तरह की नाटकीय एवं आकर्षक प्रस्तुति दी।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षक सुशील कुमार श्रीवास्तव,श्रीमती पूनम सिंह एवं प्रियांशू मिश्रा एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रश्मि पाठक व श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने किया।प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में सफल छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देने की घोषणा करते हुए समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती साहिबा जरीन एवं श्रीमती अंकिता पटेल सहित समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### परिनिर्वाण दिवस पर डा. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**अझुवा कौशांबी।** डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आज बुधवार सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानो विभिन्न संस्थाओं में डॉ भीमराव अंबेडकर को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, तमाम शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसी कड़ी में आदर्श नगर पंचायतअझुवा के कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक उत्थानों पर प्रकाश डालते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है उन्होंने उनके तमाम विचारों को उल्लेखित किया उन्होंने कहा इस देश से छुआछूत के भाव को मिटाकर समानता का भाव उत्पन्न कर देश को नई दिशा देने का काम किया इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह, वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव,मनोज कुमार सहित नगर पंचायत के सभासद,कर्मी मौजूद रहे।

### बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मनाया महापरि निर्वाण दिवस



**कौशाम्बी।** सिराथू स्थित एम.आर.यू.एन.(बालिका) स्कूल गोविंदपुर गोरियों में बुधवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।स्कूल के प्रधानाचार्य फहीम अहमद ने बच्चो को बताया कि बाबा साहब शोषित, वंचितों और दलितों के दिलो की धड़कन तथा महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार देने वाले बाबा साहब ही है।बाबा साहब के जीवन संघर्ष से हमे प्रेरणा लेकर उनके बताए रस्तो पर चलना चाहिए।इस अवसर पर स्कूल के वाइस चेयरमैन अतीक अहमद, प्रधानाचार्य फहीम अहमद, प्रधानाचार्य अंकित द्विवेदी नीरज गुप्ता सरफराज अहमद आकाश कुमार श्रीवास्तव सुनील कुमार, लिपिक जहीन अहमद शाहिद हसन अंशुमान श्रीवास्तव अवधेश यादव विजय कुमार सोनकर तेज सिंह विजय यादव ज्ञान सिंह यादव अजीत कुमार कामता प्रसाद फहीम अख्तर अवधेश पटेल मोती लाल, श्रीमती कोमल जायसवाल श्रीमती नीतू सागर, श्रीमती रशीदा खातून,श्रीमती मनीषा यादव, कु. गुलफशा जैनब,गौसिया बानो,गुड़िया चौरसिया,पुष्पा देवी, मोनिका देवी शाहीन बानो, अब्दुल मतीन आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### लेखपाल की मनमानी से छात्रा परेशान

**कौशाम्बी।** जिले में क्षेत्रीय लेखपाल जे मनमानी के चलते एक छात्रा बहुत परेशान है,कालेज के जमा करने के लिए छात्रा ने आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया तो लेखपाल ने छात्रा की मां शिक्षामित्र के रूप में तैनात है इसलिए आय प्रमाण पत्र को ही निरस्त कर दिया, छात्रा कालेज में अब आय प्रमाण जमा नही कर पा रही है जिससे उसे छात्रवृत्ति नही मिल पाएगी। सिराथू तहसील क्षेत्र के दरियापुर मझियांवा की रहने वाली छात्रा वर्षा दिवाकर दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकरगंज में इंटर की छात्रा है,कालेज में आय प्रमाण पत्र मांगने पर उसने सहज जन सेवा केंद्र से आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। आवेदन के बाद लेखपाल ने छात्रा का आय प्रमाण पत्र मात्र इस कारण से निरस्त कर दिया क्योंकि छात्रा के पिता तो मजदूरी करते है लेकिन उसकी मां प्राथमिक विद्यालय पश्चिम शरीरा में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत है लेखपाल द्वारा आय प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए जाने से छात्रा अब कालेज में आय प्रमाण पत्र नही जमा कर पा रही है।

## संपादक की कलम से

# राजस्थान के भाजपायी विधायक एक्शन में

**जिन** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे निकले हैं, उनमें से एक राजस्थान भी है जहां भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जीत हासिल की है। अभी वहां न तो सरकार बनी है और न ही मुख्यमंत्री चुने गये हैं, परन्तु उसके विधायक सक्रिय हो गये हैं। उनके एक विधायक कह रहे हैं कि वे माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर नाश्ते में खायेंगे, तो एक अन्य विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी नॉन वेज दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिये पुलिस अधिकारियों को फरमान जारी कर रहे हैं। विकास की बजाय उदयपुर के कन्हैयालाल की मौत के आधार पर भाजपा के पक्ष में जनादेश का सम्भवतः यही साइड इफेक्ट हो सकता है। भाजपा की जीत का यह तत्काल प्रभाव भी कहा जा सकता है। अगर भाजपा के विधायक और नेता अपनी सरकार बनने से ताकत पाकर अभी से ऐसी हरकतें कर रहे हैं तो आने वाले समय में और भी कई उदाहरण देखने को मिल सकते हैं। कहा जा सकता है कि पार्टी तो अभी शुरू हुई है, लेकिन ऐसे बयानों के चलते राज्य का सामाजिक माहौल कैसा बनेगा, उसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। जयपुर के हवामहल से महज 600 वोटों से जीतने वाले बालमुकुंद आचार्य ने विधायक पद की शपथ लिये बिना ही सोमवार को स्थानीय पुलिस को आदेश दे दिया कि शाम तक उनके क्षेत्र के नॉन वेज के सारे ठेले हटाये जायें। उन्होंने पुलिस से कहा कि उनके लाइसेंसों की जांच की जाये और उन्हें दिखलाया जाये। आचार्य ने पुलिस अधिकारियों से यह भी पूछा कि वे स्वयं रिपोर्ट देंगे या उन्हें पुलिस स्टेशन आना पड़ेगा? राजस्थान मिली-जुली संस्कृति का प्रदेश है जहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। जाहिर है कि उनकी जीवन शैलियों में भी भिन्नता है। खान-पान सम्बन्धी रुचियां भी अलग-अलग हैं। चाहे शाकाहार हो या मांसाहार- सभी धर्मों के लोगों की जीवन पद्धति में दोनों ही तरह के भोजन शामिल हैं।

धाम पीठाधिश्वर कहे जाने वाले बालमुकुंद आचार्य का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे अपने मोबाइल पर किसी अधिकारी को निर्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चांदी की टकसाल रोड पर मांसाहार की दुकानें हटा दी जायें। इस सड़क पर जितने भी ठेले खुले में नॉन वेज पदार्थ बिक रहे हैं, वे दिखने नहीं चाहिये। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उन्होंने सफाई दी कि वे किसी को धमका नहीं रहे हैं बल्कि निवेदन कर रहे हैं। फिर भी उन्होंने साफ किया कि उन्हें विधायक बनने का सर्टिफिकेट मिल गया है और अब वे किसी मुहूर्त का इंतजार नहीं करेंगे। उनका यह भी आरोप था कि कांग्रेस शासन में अधिकारी टालमटोल करते थे परन्तु वे इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका कहना था कि उनके क्षेत्र के लोग खुले में मांस का व्यवसाय होते देखना पसंद नहीं करेंगे। उनकी शिकायत थी कि इसकी आड़ में गोमांस का भी कारोबार होता है। बालमुकुंद आचार्य अखिल भारतीय संत समाज की राजस्थान शाखा के प्रमुख हैं। वे हर ऐसे मामले में हिन्दुओं का पक्ष लेने पहुंचते हैं जहां किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक टकराव होता है। पिछले दिनों वे अपने एक और बयान के लिये चर्चा में आये थे जिसमें उन्होंने कहा था कि जयपुर के परकोटा क्षेत्र में बड़ी तादाद में मंदिर थे जिन्हें नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों मंदिरों के उनके पास प्रमाण होने का भी दावा किया था।

# शक्ति प्रदर्शन में जुटी वसुंधरा

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 115 सीटों का पूर्ण बहुमत मिलने के बाद वहां अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जोर आजमाईस शुरू हो गई है। राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है। वही पार्टी नेता मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी-अपनी लाबिंग में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका फैसला तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। लेकिन राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी मुख्यमंत्री पद की रेस में अपनी दावेदारी मजबूती से जता रही है। चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद वसुंधरा राजे ना तो स्वयं दिल्ली गई ना ही उन्हें दिल्ली से किसी बड़े नेता ने बुलाकर चर्चा की। वसुंधरा राजे सिंधिया जयपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों से मिलकर उनका समर्थन जुटा रही है। चर्चा है कि वसुंधरा राजे से अब तक करीबन 30 विधायकों की चर्चा मुलाकात हो चुकी है। वैर से विधायक बने बहादुर सिंह कोली व नसीराबाद से चुनाव जीते रामस्वरूप लांबा ने खुलकर वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सर्राफ भी वसुंधरा की पैरवी करते नजर आ रहे हैं। डीडवाना से निर्दलीय चुनाव जीते यूनुस खान जिनका भाजपा ने इस बार टिकट काट दिया था। उसके बाद भी वह निर्दलीय चुनाव जीतने में सफल रहे। वह वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी लाबिंग में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि वसुंधरा समर्थक होने के चलते ही यूनुस खान का टिकट काटा गया था और अब वह फिर से वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनवाकर अपनी धमक दिखाना चाहते हैं। यूनुस खान वसुंधरा राजे की दोनों बार की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।




2013 से 18 के वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में यूनुस खान, कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत, प्रताप सिंह सिंघवी जैसे लोगों की एक चौकड़ी बनी हुई थी। जो वसुंधरा राजे को हर वक्त घेरे रहती थी। इसी चौकड़ी के कारण वसुंधरा राजे आमजन से कट गई थी। स्थिति यहां तक आ गई थी कि उस दौरान कई वरिष्ठ विधायकों की लगातार प्रयास के उपरांत भी महीनों तक वसुंधरा राजे से मुलाकात नहीं हो पाती थी। वसुंधरा राजे के सिपाहसालारों के मनमाने फैसलों के चलते ही 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। उसके बाद से ही वसुंधरा राजे भाजपा में साइड लाइन कर दी गई थी। अब वसुंधरा राजे का पूरा प्रयास है कि कैसे भी करके विधायकों का समर्थन प्राप्त कर तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बना जाए। यदि इस बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनने से चूक जाती है तो फिर उन्हें राजनीति के बियाबान में जाने से कोई नहीं रोक सकेगा। जयपुर में वसुंधरा राजे द्वारा भाजपा विधायकों से फेस टू फेस बातचीत करने के घटनाक्रम पर भाजपा आलाकमान पूरी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल अन्य कई नेताओं का मानना है कि पार्टी के विधायक पार्टी के किसी भी नेता से मिलने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन मुख्यमंत्री वही बनेगा जिनका नाम आलाकमान द्वारा घोषित किया जाएगा। राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर वसुंधरा राजे के अलावा विद्याधर नगर सीट पर सबसे अधिक वोटो से जीतने वाली राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, झोटवाड़ा से विधायक बने जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, केंद्र सरकार में जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद व सवाई माधोपुर से विधायक बने डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, केंद्र सरकार में कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव, संघ से जुड़े पूर्व संगठन महासचिव प्रकाश चंद्र अग्रवाल, ओम माथुर, तिजारा से नवनिर्वाचित विधायक व अलवर के सांसद बाबा बालक नाथ सहित करीबन एक दर्जन नेताओं के नाम चर्चा में है। भाजपा में यह तो तय है कि मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसका नाम दिल्ली में बैठ बड़े नेता तय करेंगे। मगर मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे सशक्त दावेदार बनकर उभरी वसुंधरा राजे सिंधिया को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का अच्छे से पता है कि राजस्थान भाजपा में आज भी वसुंधरा राजे से बड़ा कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है। अगले पांच महीनो के बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसको प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा उनके कंधों पर लोकसभा चुनाव जीतवाने की जिम्मेदारी भी होगी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीतती आ रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के चयन पर लोकसभा चुनाव की छाप भी देखी जाएगी।

हालांकि भाजपा को पर्याप्त बहुमत मिलने के कारण फिलहाल तो मुख्यमंत्री पद के लिये जिसका भी नाम तय किया जाएगा उसे सभी विधायक स्वीकार कर लेंगे। लेकिन देर सवेर पार्टी के अंदर वसुंधरा राजे के रूप में एक चिंगारी धधकती रहेगी। जिसे जब भी हवा मिलेगी तब उसे शोला बनते देर नहीं लगेगी। विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के काफी समर्थक चुनाव जीते हैं। चुनावों के दौरान उन्होंने करीबन 40 से अधिक विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया था। जिनमें से बड़ी संख्या में विधायक जीत कर आए हैं। हालांकि पार्टी आलाकमान ने वसुंधरा के समय चर्चित चौकड़ी में शामिल रहे यूनुस खान, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक परनामी, कैलाश मेघवाल जैसे बड़े नेताओं का टिकट काटकर उन्हें पार्टी की मुख्य धारा से अलग-थलग कर दिया है। वहीं नरपत सिंह राजवी चित्तौड़गढ़ सीट पर अपनी जमानत जब्त करवाकर प्रभावहीन बन चुके है। मगर यही सब लोग आज भी वसुंधरा राज्य के खास सलाहाकार बने हुए हैं तथा उन्ही की सलाह पर वसुंधरा राजे राजनीति कर रही है।

अगले कुछ दिनों में राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव हो जाएगा। इसके बाद ही पता चलेगा कि वसुंधरा राजे नेता बनती है या अन्य किसी नेता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाती है। भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को किस तरह शांत रख पायेगा इसका पता तो आने वाले कुछ दिनों में ही चल पाएगा। बहरहाल वसुंधरा राजे आज भी मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे नजर आ रही है। यदि वक्त ने उनका साथ दिया तो उनका मुख्यमंत्री बनना तय लग रहा है।

क्योंकि प्रदेश की राजनीति में जितनी स्वीकार्यता वसुंधरा राजे की है उतनी भाजपा के अन्य किसी भी नेता की नहीं है। आज मुख्यमंत्री कि दौड़ में शामिल अधिकांश नेताओं को कभी ना कभी वसुंधरा राजे ने ही राजनीति में आगे बढाया था। वैसे राजनीति को सम्भावनावों का खेल कहा जाता है। यहां एन वक़्त पर कब क्या हो जाये किसी को पता नहीं रहता है। चेला चीनी बन जाता है और गुरु गुड़ ही रह जाता है।

-

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# बौखलाहट है हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना

**-ललित गर्ग-**

**तीन राज्यों** राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है तमिलनाडु की सत्ताधारी दल डीएमके पार्टी के सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के द्वारा संसद में हिंदी पट्टी के राज्यों को ह्यगौमूत्र राज्यह्न की संज्ञा देना। उनके ऐसा बोलते ही संसद से लेकर बाहर के राजनीतिक गलियारों में हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने सेंथिलकुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। गाय न केवल भारत की सनातन परम्परा बल्कि आम जनजीवन में आस्था का सर्वोच्च केन्द्र है। भारतीय गोवंश को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए उन्हें ह्यगौमाताह्न कहते है, हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय बताया गया है। हमारी माताएं बहनें रोटी बनाती है तो सबसे पहली रोटी गाय को ही देती हैं। गाय का दूध अमृत तुल्य होता है। न केवल गाय का दूध बल्कि समस्त गौ-उत्पाद भी अमूल्य है। इन दिव्य अमृत पंचगव्य का



उपयोग यज्ञ, आध्यात्मिक अनुष्ठानों, बीमारी से निजात पाने और संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए किया जाता है। इसलिये गौमाता को आधार बनाकर भाजपा की जीत पर हमला करने की यह कुचेष्टा न केवल मानसिक दिवालियापन है बल्कि इससे भारत की जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान हुई है। गौमाता पर की गयी यह टिप्पणी एक सम्पूर्ण परम्परा एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा है। ऐसी कुचेष्टाएं एवं साजिशें पूर्व में भी हुई है। तब भी गौमाता की तरह ही सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानों से देश को तोड़ने की षडयंत्र हुआ। तब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया था। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघते हुए हिंदू धर्म को ह्यन सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप तक कह दिया था।ह्न इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, माफी मांग ली। अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की इस बार भी तरह पूर्व में चेष्टा हुई, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। कांग्रेस की हार का कारण ऐसी विसंगतियां ही बनती रही है। प्रश्न है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी क्या उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपने सहयोगी दल के अपमानजनक बयानों से सहमत हैं? तीन राज्यों में से दो राज्यों राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में ही इन चुनावों से पहले उसी की सरकारें थी। क्या हिन्दी राज्यों का अपमान एवं तिरस्कार करते हुए कांग्रेस आगे बढ़ने की सोच भी सकती है? कांग्रेस कब तक देश को विघटित करने की राजनीति करती रहेगी? क्योंकि कांग्रेस के दबदबे वाली इंडिया गठबंधन में भी डीएमके एक अहम साझेदार है।

उत्तर भारत मे ह्यगौमाताह्न पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से कांग्रेस को किनारा करना, उसकी सूझबूझ एवं विवेक से ज्यादा विवशता है। यही कारण है महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने इस टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इसे अफसोसजनक बताया। उन्होंने खुद को सनातनी कहा है। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने भी कहा कि डीएमके की राजनीति अलग है। कांग्रेस उनकी राजनीति से सहमत नहीं है। कांग्रेस ह्यसनातन धर्मह्न और ह्यगौमाताह्न में भी विश्वास करती है।ह्न क्या कांग्रेस का यह विश्वास सच्चा विश्वास है या वोट हासिल करने का हथियार मात्र है। इंडिया गठबंधन से जुड़े एक खास दल ने सनातनी परंपरा एवं हिन्दू भाषी राज्यों का बहुत बड़ा निरादर किया है। सनातनी परंपरा, सनातनियों एवं हिन्दू राज्यों का इस तरह का अपमान देश कैसे बर्दाश्त करेगा? निश्चित ही देश की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दलों एवं नेताओं को जनता मुंहतोड़ जवाब देती है और देती रहेगी। आखिर सवाल यह भी है कि हिंदी या हिंदी भाषी राज्यों के विरोध में डीएमके पार्टी एवं उसके नेता किस हद तक गिरेंगे। हिंदी भाषी राज्यों को लेकर मन में यह दुराग्रह से आखिर क्या हासिल होने वाला है। इससे फायदे की जगह नुकसान ही होता है। डीएमके नेता सीधे-सीधे हिंदी भाषी प्रांतों में रहने वाले लोगों का अपमान कर रहे हैं।

भाजपा की जीत जनभावनाओं की जीत है और जीत का यह विजय रथ हिन्दी भाषी राज्यों के साथ-साथ दक्षिण भारत में भी विजय-पताका फहराते हुए आगे बढ़ रहा है। तेलगांना में एक सीट से 8 तक आगे बढ़ी है, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भाजपा अपने होने का अहसास करा रही है, कोई आश्चर्य नहीं कि वहां पैर जमाते हुए भाजपा की सरकारें भी बनने लगे। कर्नाटक में तो उसने लम्बे समय तक शासन किया है। तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत से भाजपा का मनोबल जहां बढ़ा है वही इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस का मनोबल गिरा है। भाजपा एवं मोदी की सोच, नीतियां, योजनाएं एवं द्दष्टिकोण की जीत पर विपक्षी दलों की ये ओछी प्रतिक्रियाएं उसे अधिक बलशाली ही बनायेगी। आदिवासी विकास का संकल्प, महिलाओं की भूमिका और 33 प्रतिशत आरक्षण का आश्वासन, समान नागरिक संहिता, सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, युवाओं के लिये रोजगार, विश्वगुरु बनाने की कार्ययोजना, देश की सुरक्षा एवं साख जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक उपक्रम का मोदी ही दम रखते जान पड़ते हैं। देश को आगे बढ़ाना है तो तुष्टीकरण, धर्म एवं संस्कृति को आहत करने की विकृत मानसिकता और भ्रष्टाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मोदी ही गारण्टी की गारण्टी हैं, लेकिन इसमें अहंकार नहीं है, मोदी ने अपनी जगह पार्टी एवं देश की जनता को ही प्रमुखता दी, देश की जनता को हमेशा आगे रखा है। उन्होंने चुनावी सभाओं में साफ कहा कि पार्टी का चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि कमल का फूल है, साफ-सुथरी नीतियां है, देश को सशक्त बनाने का संकल्प है। निश्चित ही इस बार के चुनाव परिणाम सनातन भारत को मजबूती देने वाले है, सनातन का अर्थ सच्चा भारत, सच्ची मानवीयता एवं उदात्त जीवन मूल्य। यही कारण है कि इसी सनातन के शिखर गौमाता को आधार बनाकर डीएमके पार्टी ने अपनी बौखलाहट को उजागर कर राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शार्या है। भारतीय न्याय व्यवस्था ने भी समय-समय पर ऐसे विवादास्पद एवं आपत्तिजनक मामलों में कहा है कि जब धर्म एवं आस्था को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा।

अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ

# कांग्रेस की कठिनाइयां और गुंजाइशें

**चार** राज्यों के विधानसभा चुनावों के रविवार को निकले नतीजों में कांग्रेस के हिन्दी पट्टी राज्यों में हुए पराभव से यह साफ है कि उसकी आगे की राह पहले के मुकाबले कहीं अधिक कठिन हो चली है। नवम्बर में विभिन्न चरणों में हुए चुनावों के बाद इनके परिणाम जब निकले तो उसकी छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारें छिन चुकी थीं और जिस मध्यप्रदेश को वह भारतीय जनता पार्टी से झटक लेने की मानसिकता में थी, वह भी हाथ नहीं आया। यह सच है कि भारत राष्ट्र समिति को हरा कर दक्षिण भारत का तेलंगाना उसकी झोली में आया है जो एक बड़ी उपलब्धि तो है पर आसन्न लोकसभा चुनाव (2024) के मद्देनजर जो बड़ी छलांग लगाने की वह सोच रही थी, उसमें बड़ी रुकावट तीन राज्यों की पराजय है जिसने कांग्रेस के लिये आगे की सियासी राह को बहुत कठिन कर दिया है। फिर भी ऐसा नहीं कि वह खेल में कभी लौट ही नहीं सकेगी। कांग्रेस की दिक्कतों एवं सम्भावनाओं पर विचार करते समय पहले उसकी कठिनाइयों पर चर्चा कर ली जाये। उसका सबसे बड़ा अवरोध तो यही है कि उसके बारे में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उनके अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा बनाई गई अवधारणाएं एवं परिकल्पनाएं इस कदर प्रगाढ़ रूप से लोगों के मन में बिठा दी गई हैं, कि उनका निराकरण सहज रूप से होता सम्भव नहीं लगता। देश की सबसे पुरानी पार्टी एवं उसके नेताओं के बारे में जो जहरखुरानी की गई है उसके चलते जनता का एक बड़ा हिस्सा, खासकर नयी पीढ़ी उसे भ्रष्टाचार व वंश परम्परा का पोषण करने वाली पार्टी मानती है। राममंदिर आंदोलन के बाद से उसे अधर्मी एवं हिन्दू विरोधी दल के रूप में भी स्थापित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब से भारतीय जनता पार्टी केन्द्र में काबिज हुई है और आज जब केन्द्र के साथ उसकी बड़ी संख्या में राज्य सरकारें बन चुकी हैं, कांग्रेस के प्रति नफरत व नकारात्मकता का भाव सर्वत्र फैला दिया गया है। इसी का यह परिणाम है कि उसकी मुद्दा आधारित राजनीति को इन तीनों राज्यों में स्वीकार्यता नहीं मिल पाई। पिछले करीब एक दशक से भाजपा द्वारा हिन्दुओं व गैर हिन्दुओं के बीच जो अलगाव पैदा किया गया है, उसे मिटाने के लिये जब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं, तो उसके असर को खत्म करने के भी पुरजोर प्रयास भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठन करते दिखाई देते हैं। एक तरह से कांग्रेस की समावेशी विचारधारा को खारिज कराने के सारे प्रयास किये गये हैं। इन तीन राज्यों में तो यही दिखाई दिया है। कम से कम छत्तीसगढ़ व राजस्थान में तो ध्रुवीकरण का मुद्दा मतदाताओं के सिर पर चढ़कर बोला।

इसी प्रकार लोगों के मन में कांग्रेस व उसके नेताओं के प्रति भ्रष्टाचारी होने की अवधारणा भी मिटाये नहीं मिट रही है।

अपनी विचारधारा के प्रति लोगों को कैसे सहमत किया जाये, यह अब भी कांग्रेस की समझ से परे है। जिस राहुल के पीछे लाखों की भीड़ चलती रही और जिस कांग्रेस की प्रचार सभाओं में जनता की विशाल भागीदारी हुआ करती थी, उसी के द्वारा शासित राज्य की सरकारें भी उससे छीन जायें तो इसे अजूबा ही कहा जाएगा। ऐसे में मध्यप्रदेश को हासिल करना तो दूर की बात है।

# इंडिया ब्लॉक को विधानसभा चुनाव नतीजों से उचित सबक लेना होगा

**नित्य चक्रवर्ती**

जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम अप्रैल/मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक चार महीने पहले भाजपा विरोधी विपक्ष को अशुभ संकेत भेज रहे हैं। तीन उत्तर भारतीय राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हाथों कांग्रेस की हार एक आपदा है। भाजपा की इस भारी जीत का प्रभाव राष्ट्रीय फलक पर बीआरएस को हराकर तेलंगाना में कांग्रेस की जीत को बेअसर कर देगा। राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों से कई सबक मिलते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है देश के इन तीन प्रमुख राज्यों में मतदाताओं के राजनीतिक मूड में भाजपा के पक्ष में स्पष्ट बदलाव। यह सीमांत नहीं है, यह बहुत अधिक है। चुनाव प्रचार के अंतिम समय तक यह धारणा थी कि इस साल मई में हिमाचल और इससे भी अधिक कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस को चुनावी लड़ाई में बढ़त मिल रही है। 3 दिसंबर के नतीजों से पता चला है कि हवा भाजपा के पक्ष में बदल गई है और इससे हिंदी भाषी राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पलटवार की संभावना कम हो गई है। आइए इन तीन राज्यों में पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 65 सीटों में से भाजपा को 61 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही मिली थीं। यह परिणाम 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद आया था जिसमें कांग्रेस ने तीनों राज्यों में भाजपा को हरा दिया था। 2019 के लोकसभा नतीजों को कई लोगों ने नरेंद्र मोदी फैक्टर का जिक्र करके समझाया। अब लोकसभा चुनाव की पूर्वसंध्या पर इन तीनों राज्यों में से किसी में भी कांग्रेस की सरकार नहीं है। मोदी फैक्टर को छोड़ दें, केवल राज्य चुनाव प्रचार के आधार पर, कांग्रेस के पास इन तीन राज्यों में मतदाताओं को देने के लिए कुछ भी नया नहीं होगा।

2024 के चुनावों में हिंदी भाषी राज्यों में बदलाव कांग्रेस पार्टी के लिए अपनी लोकसभा सीटों को वर्तमान 52 से बढ़ाकर 120 से अधिक करने के लिए महत्वपूर्ण है,

## सडकों के गड्ढा मुक्त को डीएम ने की बडे पैमाने पर समीक्षा

### डीएम ने दिखाये तेवर, अफसरों के उडे होश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोनिवि/राष्ट्रीय राजमार्ग आदि वभागों के सड़क निर्माण एवं मार्गों को गड्ढा मुक्त करने व मार्गों की विशेष मरम्मत बाबत बैठक में कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों की समीक्षा की।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में डीएम अभिषेक आनन्द ने सडकों के कार्यों की विभागवार समीक्षा की। एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ ने बताया कि बांदा-बबेरू-कमासिन-कर्वी मार्ग व शिवरामपुर-सकरौली -अशोह, कर्वी-देवांगन आदि सड़कों में गड्ढा मुक्त कार्य चल रहा है, एक सप्ताह में पूरा हो जायेगा। विशेष मरम्मत व नवीनीकरण भी हो रहे हैं, 15 दिसंबर तक पूरे हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष मरम्मत कार्यों में प्रगति करायें। लूक संपर्क मार्ग व ददरी संपर्क मार्ग को स्पेशल प्लान में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजकर मंजूर करायें। समीक्षा दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग बांदा के सहायक अभियंता ने बताया कि जिले में 93 किमी सड़क है, सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को डीएम ने निर्देश दिए कि खोह रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क बेहद खराब है, तत्काल ठीक करायें। एक्सईएन लोनिवि से कहा कि निरीक्षण कर कहां-कहां राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क पर गड्ढे हैं, आख्या दें। एनएच के अधिकारियों से कहा कि स्पीड


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम।

ब्रेकर सड़कों पर टेबल टॉप बनायें। मुख्य मार्ग के मुख्य कस्बा व शहर पर स्ट्रीट लाइट भी लगायें। मऊ की स्ट्रीट लाइट शुरू कराकर ईओ मऊ को हैंडओवर करायें। ये कार्य एक सप्ताह में न होने पर वे शासन को कार्यवाही को पत्र लिखेंगे। डीएम ने सीडीओ से कहा कि बेड़ीपुलिया से कर्वी की ओर दोनों साइड नाला निर्माण में कमेटी बनाकर जांच करायें। कमी होने पर ठीक करायें। एनएच के अफसरों से कहा कि दोनों ओर सर्विस रोड का प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज के अधिकारियों से कहा कि पहाड़ी रोड में गड्ढों को भराया जाये। राजापुर शहर के अंदर स्ट्रीट लाइट लगायें। बाजपेई तिराहा व रैपुरा तिराहा में हाई मास्ट लाइट लगायें। राम वन गमन मार्ग के पैकेज फोर पर कार्य शुरू करायें। मोहरवां पुल में डायवर्जन पुल बनायें। एक्सईएन पीएमजीएसवाई से कहा कि जो सड़कें हैं, गड्ढे हैं तो तत्काल गड्ढा मुक्त करायें। एक्सईएन आरईएस से कहा कि त्वरित आर्थिक विकास योजना में जिन सड़कों का निर्माण हो रहा है, प्रगति करायें। जिन सड़कों का निर्माण एक साल पहले हुआ है, उन्हें जिला पंचायत को हैंडओवर करायें। ईओ से कहा कि शहर की मुख्य सड़कों को गड्ढा मुक्त करायें। एक्सईएन लोनिवि निर्माण खंड कृष्ण कुमार से कहा कि मऊ नगर पंचायत में जिन सड़कों में गड्ढे हैं, मुक्त करायें। उपनिदेशक मंडी निर्माण को निर्देश दिए कि मंडी की सड़के तत्काल ठीक करायें। एएमओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि जिपं की सडकें तत्काल गड्ढा मुक्त करायें। सीडीओ से कहा कि जिन विभागों ने सड़कों के गड्ढा मुक्त, नवीनीकरण आदि कार्य करा रहे हैं, कमेटी बनाकर निरीक्षण कराकर आख्या दें। डीएम को एआरटीओ ने बताया कि ब्लैक स्पॉट बाबत राष्ट्रीय राजमार्ग के गोंडा, बरगढ़, लालापुर, बेड़ीपुलिया, पिपरावल नाला, देऊंधा, मंदाकिनी नदी, बाघा नाला आदि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र है। जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग स्पीड ब्रेकर लगायें। संकेतक बोर्ड में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र लिखवायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येंद्र नाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, एएमओ जिला पंचायत सुधीर कुमार, एआरटीओ विवेक शुक्ला, पीएमजीएसवाई एक्सईएन, आरईएस एक्सईएन आदि मौजूद रहे।

## आठ की रबी गोष्ठी में करें चौकस व्यवस्थाः डीएम

**अखंड भारत संदेश**


रबी गोष्ठी बाबत निरीक्षण करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने आठ दिसंबर को होने वाली रबी उत्पादकता गोष्ठी बाबत राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी। बुधवार को डीएम ने डीडीए कृषि से पेयजल, विद्युत, टेंट, बैरीकेडिंग, वाहनों की पार्किंग, शौचालय, वीआईपी के ठहरने, बैठने, प्रदर्शनी बाबत जानकारी ली। डीएम ने डीडीए कृषि को निर्देश दिए कि रबी उत्पादकता गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न कराने को सभी व्यवस्थायें दुरुस्त करा लें। मिनट टू मिनट कार्यक्रम बना लें। एएसपी से कहा कि पार्किंग स्थल, आवागमन के रास्ते पर पुलिस लगाई जाये। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि पूरे शहर/रामायण मेला परिसर की साफ-सफाई करायें। वाहन पार्किंग पर मोबाइल शौचालय व पेयजल व्यवस्था करायें। सड़कों पर कोई भी गौवंश नहीं घूमना चाहिए, सड़कों में लगे होर्डिंग तत्काल हटवायें। निरीक्षण में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर सौरभ यादव, डीडीए कृषि राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, ईओ लालजी यादव, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मान-सम्मान-अधिकार दिलाने वाले को देंगे समर्थनः रामप्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 21 दिसम्बर को होने वाले अधिवक्ता संघ चुनाव की बैठक कचहरी परिसर में अच्छे प्रतिनिधि के चयन को लेकर हुई। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता संघ महत्त्वपूर्ण बिंदु है, लाइब्रेरी चालू न होने से वकीलों का खाली समय फालतू बर्बाद होता है।

बुधवार को एड रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कचहरी परिसर में लाइब्रेरी चालू होने से खाली समय में अधिवक्ता नए


कचहरी में बैठक करते अधिवक्ता।

आर्टिकलों को पढ़कर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। संघ के चालू होने से लगातार संयुक्त सचिव लाइब्रेरी निर्वाचित होते रहे हैं, प्रभावी पहल न होना चिंता का विषय है। ऐसे पदाधिकारियों को चुनाव में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। अधिवक्ता संघ से निर्वाचित अध्यक्ष को विशेष पहल करनी चाहिए, कुछ अधिवक्ता गरीब परिवारों से हैं, जो महंगी किताबें खरीदने में सक्षम नहीं हैं। लाइब्रेरी चालू होने से पढ़ने का अवसर मिलेगा।

सदर विधायक अनिल प्रधान भी बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। इस नाते निर्वाचित अध्यक्ष से वार्ताकर अधिवक्ताओं को लाभ दिलायें। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को सभी अधिवक्ताओं व निर्वाचित कार्यकारणी को पहल करनी चाहिए, ताकि अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू हो सके। जितेंद्र उपाध्याय एड ने भी अच्छे प्रतिनिधि के चयन की बात कही। बैठक में एड कुंवर रोहित सिंह, अनिल त्रिपाठी, लक्ष्मण त्रिपाठी, देवशरण मिश्रा, अरुण टाइगर, आशीष शुक्ला, सुरेन्द्र पयासी, माधव विश्वकर्मा, ओंकार तिवारी, अलौकिक मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विकास निगम, पंकज पाण्डेय, लवकुश गौतम, लक्ष्मण कुशवाहा, राम सिंह, अरुण त्रिपाठी, अनूप सिंह बघेल, सुनील प्रजापति, दीपक मिश्रा, त्रिभुवन सिंह यादव, कृष्ण कुमार, अजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब के संविधान से प्रगति पर है देशः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में कठिनाइयों से सामना करते हुए सामाजिक लड़ाई लड़ी थी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा साहब शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश लौटे, देश में संविधान


बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते डीएम।

बनाने का मौका मिला। देश में विभिन्न जाति-धर्म के अनुयायियों अनुरूप संविधान बनाया, इससे देश आज प्रगति पर है। विभिन्न समाज व धर्म को एक साथ पिरोने का कार्य किया। उनके आदर्शों को जीवन में पालन करना चाहिए। सामाजिक सिद्धांतों पर सभी लोगों को उनके आदर्शों मानने चाहिए। एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव ने डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवनवृत्त पर रोशनी डाली। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज में दलितों, पिछड़ों व महिलाओं की लड़ाई लड़े। हिंदू बिल कोड एवं संविधान बनाया। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, अभिहित अधिकारी सीआर प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## कलयुग का अमृत है भागवतः बलुआ महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य बलुआ महाराज ने अमृतमयी वाणी से कथा बांची। कहा कि भागवत अवरोध मिटाने वाली उत्तम अवसाद है। भागवत का आश्रय करने वाला कोई भी दुखी नहीं होता है।

बुधवार को भागवत व्यास ने कहा कि अच्छे-बुरे कर्मो का फल भुगतना पडता है। भीष्म पितामह का उदाहरण देते हुए कहा कि भीष्म पितामह छह महीने बाणों की शैय्या पर लेटे थे। भीष्म पितामह बाणों की शैय्या पर लेटे थे, वे सोच रहे थे कि कौन सा पाप किया है, जो उन्हें कष्ट सहने पड रहे हैं। भगवान कृष्ण भीष्म पितामह के पास आते है, पितामह कृष्ण से पूंछते है कि ऐसे कौन से पाप है जो बाणो की शैय्या पर लेटा हूं, प्राण नहीं


कथा बांचते बलुआ महाराज।

निकल रहे। कृष्ण ने भीष्म पितामह से कहा कि पुराने जन्मों को याद करो, सोचो कौन सा पाप किया है।

पितामह बहुत ज्ञानी थे, कृष्ण से कहा कि पिछले जन्म में कोई पाप नहीं किया। कृष्ण ने कहा कि पिछले जन्म में राजकुमार थे, घोडे पर सवार कहीं जा रहे थे, एक नाग को जमीन से उठाकर फेंका था तो कांटों पर लेट गया था, छह माह तक उसके प्राण नहीं निकले थे। उसी कर्म का फल है, जो छह महीने तक बाणों की शैय्या पर लेटे हैं। मतलब है कर्म का फल सभी को भुगतना होता है। कर्म करने से पहले कई बार सोचना चाहिए। भागवत भाव प्रधान, भक्ति प्रधान ग्रंथ है।

आचार्य बलुआ महाराज ने कहा कि जब खुद से पहले दूसरों की चिन्ता करते हैं, पेट भरने से पहले दूसरों का पेट भरते हैं, भगवान सबसे ज्यादा खुश होते हैं। इस दौरान मुख्य यजमान रामसूरत पयासी, सावित्री देवी, राधेरमण पयासी, प्रशांत कुमार द्विवेदी, उमेश पयासी, सरयू प्रसाद पांडेय, प्रकाश चंद्र मिश्र, निरंजन मिश्र, रोहित कुमार मिश्र, एड देवेंद्र कुमार पांडेय, रत्नेश पाण्डेय, अनीता द्विवेदी, सतरूपा मिश्रा, साधना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब परिनिर्वाण दिवसः भारतीय संविधान के जनक थे बाबा साहबः अशोक जाटव

### सवर्णों के गुलाम हैं शूद्रः कुशल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संविधान निमार्ता भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में कर्वी बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान में स्वच्छता संदेश दिया। सफाई कर्मियों को कम्बल बांटे। बुधवार को बस स्टैण्ड में सफाई के बाद लोनिवि डाक बंगले में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल की


सफाई करते भाजपाई व अम्बेडकर को याद करते कांग्रेसी।

मौजूदगी में जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर समतामूलक, सामाजिक, राजनीतिक क्रांति के प्रणेता, महान विधिवेत्ता, सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले, मेहनत व बुद्धिमता से भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान देने वाले ने आजीवन समाजिक भेदभाव का विरोध किया। समाज को एक सूत्र मे बांधने का प्रयास किया। उन्ही के संविधान को सब मानते हैं। भाजपा ने सरकार बनने पर अम्बेडकर से जुडे स्थानों को पंच तीर्थ के बतौर विकसित किया। बाकी पार्टियां उनके नाम से सिर्फ वोट लेने का काम करती रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक, भारत गणराज्य के निमार्ताओं में एक थे। स्वतंत्र भारत के पहले न्याय मंत्री बाबा साहब बने थे।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि अम्बेडकर विपुल प्रतिभा के धनी छात्र थे। कोलम्बिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। विधि, अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में शोध भी किया। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि अम्बेडकर ने कहा था कि छुआछूत गुलामी से भी बद्तर है। स्वच्छता अभियान/गोष्ठी में भागवत त्रिपाठी, आलोक पांडे, अश्विनी अवस्थी, बृजेश पांडे, तीरथ तिवारी, अर्पित जयसवाल, रामबाबू गुप्ता, हीरो मिश्रा, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल बाल्मीक, रवि गुप्ता, शशी मिश्रा, गोलू गर्ग, शुभम गुप्ता, राजा रामपाल, दीपक आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक भारत के निमार्ता-युगपरिवर्तक, बोधिसत्व डॉ बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट किया था। वे जीवन भर विद्यार्थी बनकर पढ़ते रहे व लिखते रहे। बुद्ध, सन्त कबीर, महात्मा ज्योतिबा फुले तीनों को गुरु माना था। अम्बेडकर का मानना था कि देश में दोहरी गुलामी है, अंग्रेजों के गुलाम सवर्ण हैं, तो सवर्णों के गुलाम शूद्र/अतिशूद्र हैं। देश अंग्रेजों से आजाद भी हो जाता है तो ये केवल सवर्णों की आजादी होगी। बाबा साहब देश की आजादी तो चाहते थे, उस आजादी में शूद्र/अतिशूद्र/स्त्री के अधिकार सुनिश्चित करने के हामीदार थे। इस मौके पर चुनवाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, राज नारायण निषाद, अजीत मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, मेंहदी हसन आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## मराठा किलाः बनेगा अधिकारियों के गले की फांस

### सक्षम अधिकारी व शासन की मंजूरी बिना किला ढहाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मराठा कालीन किला बाबत संसार क्रान्ति में खबर चलने के बाद मामला राष्ट्रीय स्तर पर उछलता दिख रहा है। राष्ट्रीय धरोहर को लेकर लोग आन्दोलित होते जा रहे हैं। ये मामला अधिकारियों समेत नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के गले की फांस बनता दिख रहा है।

मराठा कालीन किला के ढहाने को लेकर शासन से मंजूरी न लेने


किला के ध्वंशावशेष।

का मामला 29 नवम्बर से उछल रहा है। संसार क्रान्ति यूट्यूब चैनल पर खबर चलने के बाद मामला राष्ट्रीय स्तर पर उछल रहा है। पेशवाओं की राष्ट्रीय धरोहर को खुर्द-बुर्द करने को लेकर बाजीराव पेशवा के वंशज भी सामने आ गये हैं। उन्होंने भी आक्रोश जताया है कि ये किला स्थल उनके लिए देव समान है। उनके पूर्वज किले में घुसने से पहले चप्पलें-जूता बाहर उतार देते थे। इस किले से अंग्रेजों के खिलाफ तमाम लडाईयां लडी गई थीं। इस किले में तमाम बलिदानियों की यादें समाई हुई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मांग की है कि ऐतिहासिक धरोहर को सहेजा जाये, उन्हें किले से सिर्फ इतना मोह है कि ये उनके पूर्वजों का है। उन्हें और कुछ नहीं चाहिए, सिर्फ ये किला लोगों के दर्शनीय स्थल के बतौर सहेजा जाये, यही उनकी मंशा है। इस किले का मामला लगातार तूल पकडता जा रहा है। किले को ढहाने का किसी सक्षम अधिकारी व शासन की कोई मंजूरी किसी के पास नहीं है। ऐसे में किला ढहाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर लोग आन्दोलित हो रहे हैं। ये किला अब नगर पालिका के ईओ समेत अध्यक्ष के गले की फांस बनता दिख रहा है।

### ध्वंश अवशेष बचाने को देंगे जानः सुशील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मराठा कालीन किला के ध्वंश अवशेष बचाने को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव नेता ने कहा कि वे ऐतिहासिक इमारत बचाने को जान तक देने को तैयार हैं। किला ढहाने वालों की जांच न होने व जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर वे 26 जनवरी से पुरानी कोतवाली किला गेट के सामने अनशन पर बैठेंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


पूर्व वार्ड मेम्बर।

## नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा


पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की टीम ने नाबालिक से दुष्कर्म आरोपी सोनू पुत्र कैलाश निवासी आजाद पुरवा मजरा खटवारा को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि चार दिसम्बर को थाना क्षेत्र के वादी ने सूचना दी कि सात वर्षीय नाबालिक पुत्री के साथ सोनू ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्ज किया। पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण को भेजा। पुलिस अधीक्षक ने घटना संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। थानाध्यक्ष की टीम ने तत्काल सोनू पुत्र कैलाश को दबोच लिया। टीम में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, सिपाही मोनू राय व दीवान मुकेश कुमार शामिल रहे।

## पांच रुपये के लेनदेन में चचेरे भाई के हत्यारे चार सगे भाइयों को उम्रकैद, जिला जज ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पांच रुपये के लेन-देन विवाद में चचेरे भाई को घर में घुसकर हत्या के मामले में चार सगे भाईयों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को साढे 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 17 जनवरी 2017 को मऊ थाने के डांक बंगला मऊ की निवासी प्रेमा देवी पत्नी छंगूलाल यादव ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसके पुत्र लवलेश यादव व उमेश उर्फ लाला यादव पुत्र चन्ना यादव के बीच पांच रुपये लेनदेन को विवाद हुआ था।

मौके पर मौजूद लोगों ने समझाकर शांत करा दिया था। 17 जनवरी 2017 को रात नौ बजे उमेश अपने भाई दिनेश उर्फ टेनी, राजू व भईयवा पुत्र चुन्ना यादव समेत लाडी, कुल्हाड़ी व बांका लेकर घर आया। चारों भाई घर में घुसकर गाली-गलौज कर सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। हमले में लवलेश घर के आंगन में गिर गया, उसकी मौत हो गई। हमलावरों ने लवलेश के पिता छंगूलाल से भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी चारों सगे भाई उमेश उर्फ लाला, दिनेश उर्फ टेनी, राजू व भईयवा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को साढे 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

## दो बकायेदार राजस्व हवालात में बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर तहसील कर्वी में वसूली अभियान में शंकर बाजार कर्वी, कसहाई, पुरानी बाजार आदि स्थानों में वसूली टीम ने बकायेदारों से वसूली व गिरफ्तारी की। बुधवार को शंकर बाजार व सोनपुर रोड से बकाया जमा न करने पर दो बकायेदार गिरफ्तार कर राजस्व हवालात में बंद किये। दोनों बकायेदार काफी समय से बकाया नही जमा कर रहे थे। इस बाबत डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ये अभियान जारी रहेगा। सभी बकायेदार अपना बकाया जमा कर दें अन्यथा राजस्व हवालत में बंद किया जायेगा। खनन, व्यापार कर, स्टाम्प कमी, बैंक, विद्युत, न्यायालय जुमार्ना आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## विवाद सुलझने पर खुशी-खुशी घर गये दम्पति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने दम्पति के विवाद को सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाया। बुधवार को भरतकूप थाने के मऊ ब के भदावल पुरवा की अनीता पुत्री मुन्ना ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति रोहित उर्फ बबलू पुत्र रामचन्द्र निवासी नादन मऊ बदौसा जिला बांदा मारपीट कर प्रताड़ित करता है। एसपी ने पत्र निस्तारण को परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र में तैनात महिला सिपाही सुरूची चैधरी व मंजूलता पाल ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने, पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्ष खुशी-खुशी तालमेल से रहने का वायदा कर घर को चले गये।

## खुरहंड-बरगढ में खडी हों दोनों ट्रेनेः सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने लोकसभा में सभापति के समक्ष उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जोन के बरगढ़ रेलवे स्टेशन व खुरहंड रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस व सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव था। ये दोनों ट्रेनें कोरोना काल के पहले वहां रुकती थी। कोरोना काल समाप्त होने पर ट्रेनें चल गई, लेकिन ये दोनों ट्रेनें खुरहंड रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती हैं। इन दोनों ट्रेनों को कोरोना काल के बाद से बरगढ़ व खुरहंड रेलवे स्टेशन पर नहीं रुक रही हैं। उन्होंने रेल मंत्री से मांग की है कि इन दोनों ट्रेनों का ठहराव बरगढ़ व खुरहंड रेलवे स्टेशन में कराया जाये, क्योंकि जनता में आक्रोश है। दोनों ट्रेनों का ठहराव जल्द दोनों रेलवे स्टेशनों में कराने की मांग की है।



## एसपी के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर दबोचे

### नौकरी दिलाने व जमीन मामले में पहले से दर्ज हैं मामले

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में थाना मऊ व एसओजी संयुक्त टीम ने एसपी चित्रकूट, एसओजी व साइबर क्राइम के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठने वाले दो शातिरों को दबोचा है। ज्ञात है कि 24 नवम्बर को मऊ थाने में अर्जुन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी गढ़वा गजरी ने धोखाधड़ी कर एसओजी टीम से पकड़वाने के नाम पर 58 हजार रुपये व किसी महिला की आवाज में बात कराकर एसपी मेम के नाम पर फोन-पे से विश्वास दिलाकर 62 हजार रुपये लेने व मांगने पर जान से मारने की धमकी देने बाबत तहरीर पर मामला दर्ज किया। आरोपी धीरज सिंह उर्फ धीरू पुत्र जवाहर सिंह निवासी कसहाई रोड गोल तालाब कोतवाली कर्वी व एक महिला नाम-पता अज्ञात दर्जकर विवेचना निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह को सौंपी। विवेचना में वादी की बहन 16 अक्टूबर 2023 से घर से लपता होने पर वादी परेशान था। इसी बीच वादी की भेंट आरोपी धीरज उर्फ धीरु से हुई। कहा कि उसके एसपी, एसओजी व साइबर शाखा से गहरे सम्बन्ध हैं। बहन को जल्द बरामद करवा देगा। उसने महिला की आवाज में फोन पर वार्ता कराई।

## नेपाल-भारत संबंधों की तुलना चीन से नहीं की जा सकती: संसदीय समिति

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच रहे किसी भी प्रकार के संबंधों की तुलना चीन से नहीं की जा सकती है। नेपाल की एक संसदीय समिति की बैठक में देश की नई विदेश नीति पर चर्चा करते हुए यह टिप्पणी की गई है।

नेपाली संसद के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय संबंध समिति में इन दिनों देश की नई विदेश नीति को लेकर व्यापक चर्चा की जा रही है। इस समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि नेपाल की नई बनने वाली विदेश नीति में सभी देशों के साथ संबंध को लेकर स्पष्ट रूप से व्याख्या करने की आवश्यकता है। समिति की बैठक में यादव ने कहा कि नेपाल को रूढ़िवादी सोच से आगे निकल कर यथार्थ परख होकर सोचना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पड़ोसी देशों के साथ समदूरी, समसंबंध, सभी देशों के साथ एक जैसा व्यवहार यह वामपंथ से ग्रसित सोच से है, जिससे बाहर निकलना होगा। बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि भारत के साथ नेपाल का जो संबंध है, उसकी तुलना किसी भी अन्य देश से नहीं की जा सकती है। फिर भारत और चीन के बीच समदूरी या समान संबंध का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि नेपाल और चीन के बीच व्यापारिक रिश्ते हैं और वह हमारा उत्तर का पड़ोसी है लेकिन भारत के साथ हमारा पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध भी है।

## शादी से पहले इमरान खान के बुशरा बीबी से थे अवैध संबंध, पूर्व पति के नौकर का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (71) की पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर फरीद मनेका के एक नौकर ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री उनके घर आते-जाते थे और उनके बीच अवैध संबंध थे। दोनों एक साथ एक कमरे में जाते थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि मेनका के एक कर्मचारी मुहम्मद लतीफ ने खान और बीबी के गैरकानूनी विवाह से संबंधित एक मामले में खुलासा किया है। मामला अदालत में पेश किया गया है, जिन्हें इसकी स्वीकार्यता का निर्धारण किया जाना है।



मनेका ने एक समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा था कि खान और बीबी ने इद्दत के दौरान शादी की है। यह एक मुस्लिम महिला की पति की मृत्यु या तलाक के बाद की प्रतीक्षा अवधि होती है। इस दौरान विवाह मान्य नहीं होता है। लतीफ ने जज के समक्ष दावा किया कि जब मैं कमरे में जाता था तो दोनों मेरे साथ दुर्व्यवहार करते थे और मुझे बाहर जाने के लिए कहते थे। दोनों ने उन्हें अपने साथ कमरे में रहने की अनुमति कभी नहीं दी। उसने दोनों के बीच अवैध संबंध होने का भी दावा किया। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी।

## होंडुरास में बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**होंडुरास।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास में एक बस हाईवे से फिसलकर खड्ड में गिर गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे। देश की राजधानी तेगुसिगल्पा से लगभग 41 किलोमीटर (25 मील) दूर हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने कहा कि हादसे के बाद मौके पर ही 10 यात्रियों की मौत हो गई और दो की तेगुसिगाल्पा के अस्पताल में मौत हो गई।

## चीन हिंद महासागर फोरम का दूसरा सम्मेलन करने को तैयार, बढ़ेगी भारत की टेंशन

**बीजिंग।** चीन इस सप्ताह हिंद महासागर फोरम के दूसरे सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है जिससे भारत की टेंशन बढ़ने के आसार हैं। चीन ने इस सम्मेलन के जरिए जो भारत के करीब रणनीतिक जल क्षेत्र में अपने प्रभाव को मजबूत करने के प्रयास में क्षेत्र के कई देशों को एक साथ लाने की पहल है। पिछले साल चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व समूह का एक संगठन, चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (CIDCA ) ने दक्षिण-पश्चिम चीन में युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग में विकास सहयोग पर चीन-हिंद महासागर क्षेत्र फोरम (CIORFDC) की एक बैठक आयोजित की थी। CIDCAका नेतृत्व पूर्व उप विदेश मंत्री और भारत में राजदूत रहे लुओ झाओहुई कर रहे हैं। CIDCA ने दावा किया कि सम्मेलन में इंडोनेशिया, पाकिस्तान, म्यांमा, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मोजाम्बिक, तंजानिया, सेशेल्स, मेडागास्कर, मॉरीशस, जिबूती, ऑस्ट्रेलिया सहित 19 देश हिस्सा लेंगे। ऑस्ट्रेलिया और मालदीव ने बाद में अपनी भागीदारी से इनकार कर दिया। बैठक में भारत को आमंत्रित नहीं किया गया।

## इजराइल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी को नभ से थल तक घेरा, खान यूनिस में घमासान

**गाजा/तेल अवीव।** इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के बीच गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध (बुधवार) 61वें दिन और तेज हो गया। इजराइली सुरक्षा बलों ने दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस को चारों ओर से घेरकर भागने के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। सुरक्षा बलों की प्राथमिकता खान यूनिस में बनाई गई सुरंगों में छुपे हमास के कमांडरों को निशाना बनाना है। रात को कम से कम चार कमांडरों और कई गुर्गों को ढेर कर दिया गया। इम्स ऑफ इजराइल के अनुसार इजराइली सुरक्षा बल स्कूलों और अस्पतालों में बनाई गई सुरंगों में छुपे आतंकवादियों को खोज-खोज कर मार रहे हैं। रॉकेट, मोर्टार और मिसाइलें दागी जा रही हैं। कुछ देर पहले उत्तरी वेस्ट बैंक में इजराइली डिफेंस



फोर्सेज (आईडीएफ) के साथ संघर्ष में दो फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि युद्ध के बाद गाजा को विसैन्यीकृत करना बहुत जरूरी है। इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर भरोसा है वह ऐसा कर दिखाएंगे।

अखबार के अनुसार हमले में लेबनानी सैनिक की मौत पर आईडीएफ ने माफी मांगी है। आईडीएफ ने कहा है कि सैनिक हिजबुल्लाह पोस्ट पर एक वास्तविक खतरे को बेअसर करने के लिए काम कर रहे थे। लेबनानी सेना लक्ष्य पर नहीं थी। आईडीएफ प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र को पूरी तरह घेर लिया गया है। बलों ने यहां उत्तरी गाजा पट्टी ब्रिगेड के कई हमास कमांडरों और गुर्गों को मार गिराया है। यह लोग अस्पताल के पास स्थित एक सुरंग में छुपे थे। आईडीएफ ने कहा है कि दक्षिणी गाजा को दी जाने वाली मानवीय सहायता के धीमी होने के लिए संयुक्त राष्ट्र जिम्मेदार है। आईडीएफ अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में रहते हुए लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में हमास की सबसे बड़ी गाजा ब्रिगेड के चार बटालियन कमांडरों को मार गिराया गया है।

## भारत के खिलाफ आतंकी हमले की साजिश करने वाले दो आरोपियों को अदालत ने माना दोषी

**काठमांडू।** नेपाल की एक अदालत ने दो लोगों को आंतकी हमले की साजिश रचने का दोषी माना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सात साल पहले दोनों आरोपियों ने भारत में एक ट्रेन में बम रखा था, जिन्हें अब दोषी मान लिया गया है। आरोपियों में से एक संदिग्ध आईएसआई एजेंट है।

**यह है पूरा मामला**

अदालत के प्रवक्ता धन बहादुर कार्की ने बताया कि आरोपियों की पहचान समसुल होदा और बृज किशोर गिरी के रूप में की गई है। मनी लॉन्ड्रिंग विभाग ने दोनों नेपाली नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अगली सुनवाई में अदालत दोनों आरोपियों को सजा सुनाएगी। बता दें, फैसला और घटना का विवरण फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है। मीडिया



रिपोर्ट की मानें तो दुबई में रहते हुए होदा एक पाकिस्तानी नागरिक के संपर्क में आया और भारत के खिलाफ आंतक की साजिश रची। होदा ने बिहार में बम प्लांट करने के लिए कुछ पाकिस्तानी और नेपाली युवाओं को जुटाया था। हालांकि, तकनीकी खराबी के कारण बम विस्फोट नहीं हुआ। बता दें, पाकिस्तान के लिए आईएसआई होदा को पैसे देती थी और दुबई से नेपाल भेजती थी। बम विस्फोट योजना विफल होने के वजह से होदा ने दो भारतीय नागरिकों की हत्या भी कर दी।

## ब्रिटेन की नयी वीजा योजना पर भारतीय पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने जताई चिंता

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार की नई वीजा योजना के संबंध में स्पष्टता के अभाव को लेकर भारतीय कुशल पेशेवरों और स्वास्थ्य कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने मंगलवार को चिंता जताई है। इससे पहले ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने संसद में पांच सूत्री योजना पेश की थी, जिसके तहत विदेशी देखभाल कर्मियों पर अपने परिवारों को ब्रिटेन लाने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और कुशल श्रमिकों के लिए वेतन सीमा बढ़ाकर 38,700 ब्रिटिश पौंड निर्धारित की जाएगी। भारतीय मूल के लगभग 80 हजार चिकित्सकों और 55 हजार नर्सों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटेन के सबसे बड़े प्रतिनिधि निकाय ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ऑरिजिन (बीएपीआईओ) के संस्थापक डॉक्टर रमेश मेहता ने कहा, हम स्पष्टीकरण मांगने के लिए तत्काल गृह मंत्री को पत्र लिखेंगे, हमें उम्मीद है कि इस योजना में डॉक्टर और नर्स



शामिल नहीं होंगे क्योंकि अगर ऐसा होता है, तो हम गृह मंत्रालय को बताना चाहते हैं कि भारत से ब्रिटेन आने वाले चिकित्सकों और नर्सों की संख्या जीरो हो जाएगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने आगाह किया है कि वेतन सीमा 38,700 पौंड करने से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए 'अनपेक्षित परिणाम' हो सकते हैं। फिक्की के महासचिव शैलेश पाठक ने कहा, 'दुनिया विशेष रूप से आईटी, इंजीनियरिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में अत्यधिक कुशल भारतीय पेशेवरों की ओर देख रही है। विदेशी कुशल श्रमिक वीजा के लिए ब्रिटेन की वेतन सीमा को देखते हुए, ऐसे भारतीय पेशेवर निश्चित रूप से अन्य देशों को चुनेंगे और इससे ब्रिटेन में व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियां हतोत्साहित होंगी, क्योंकि ऐसी कंपनियां ब्रिटेन और भारत, दोनों ही देशों के पेशेवरों को रोजगार देती हैं।

## नाइजीरिया में सेना के ड्रोन की चूक से हुए हमले में 85 लोगों की मौत, 66 घायल

**अबुजा।** उत्तर पश्चिम नाइजीरिया में ड्रोन हमले में 85 लोगों की मौत हो गई और 66 अन्य घायल हो गए। सेना ने इसे हमले को चूक का परिणाम माना है। राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने मंगलवार को कहा कि देश के संघर्ष वाले क्षेत्र में सेना की गलती से हुई इस घटना बताई और इस हमले के सभी पहलुओं की गहन जांच करने का आदेश दिया है।

नाइजीरिया राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अनुसार इस हमले में मारे गए लोगों के 85 शव दफनाए जा चुके हैं। तलाशी अभियान जारी है। मारे गए लोगों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग थे।

ये लोग पैगंबर मुहम्मद मावलिद अल-नबी का जन्मदिन मनाने के लिए जुटे थे। सरकार और सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि रात कडुना प्रांत के तुदुन बीरी गांव में आतंकियों और डाकुओं को निशाना बनाकर ड्रोन से हमला किया गया। दशकों से उत्तरी हिस्से को अस्थिर करने वाले चरमपंथियों



**सरकार और सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि रात कडुना प्रांत के तुदुन बीरी गांव में आतंकियों और डाकुओं को निशाना बनाकर ड्रोन से हमला किया गया।**

और विद्रोहियों पर नाइजीरियाई सेना अक्सर हवाई हमले करती है, जिसमें नागरिक भी हताहत होते हैं। जनवरी में नसरवा प्रांत में दर्जनों लोग मारे गए और दिसंबर 2022 में जामफारा प्रांत में भी दर्जनों लोगों की मौत हुई थी। लागोस स्थित एसबीएम इंटेलिजेंस सुरक्षा फर्म के अनुसार, 2017 के बाद से देश के उत्तर में सशस्त्र समूहों पर किए गए हवाई हमलों में लगभग 400 नागरिक मारे गए।

## 'क्योंकि वो यहूदी थी', महिलाओं पर हुए जुल्म को लेकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी पर भड़के नेतन्याहू

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के आतंकियों द्वारा महिलाओं पर किए गए जुल्म पर चुप रहने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, महिला समूह और यूएन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इन संगठनों से सवाल भी किए।

नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, %मैं महिला अधिकार संगठन से लेकर मानवाधिकार संगठनों से यह कहना चाहता हूं कि आपने इस्राइली महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म के बारे में सुना, लेकिन उस समय आप कहां थे? मैं उम्मीद कर रहा था कि विश्व स्तरीय नेता इस क्रूरता पर बात करेंगे।%

**अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी पर भड़के नेतन्याहू**

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने तेल अवीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वह रिहा किए गए बंधकों और बंधक



बनाए गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया, 'मैंने उनकी दिल दहला देने वाली कहानियां सुनी। मुझे दुष्कर्म की दर्दनाक कहानियां बताई गई।' नेतन्याहू ने आगे कहा कि लेकिन इन सब में महिला संगठन या अन्य संगठन की तरफ से एक शब्द भी नहीं कहा गया। उन्होंने इन संगठनों से सवाल किया, 'आप इस वजह से चुप हैं, क्योंकि वे यहूदी महिलाएं थी?' नेतन्याहू ने बताया कि बंधकों को छुड़ाने का एकमात्र उपाय युद्ध ही है और जमीनी ऑपरेशन और मानवीय सहायता इसके समर्थन में है।

रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि जब जमीनी ऑपरेशन शुरू हुआ तो उन्हें विश्वास था की हमास पर दबाव ही बंधकों को रिहा कर सकती है। गाजा में इंधन की आपूर्ति करने पर गैलेंट ने कहा कि इसके बदले इस्राइल को भी मांग करने का पूरा अधिकार है।

## खालिस्तानी आतंकी पन्नूं ने एक बार फिर दी गीदड़भभकी, भारत की गरिमा को चोट पहुंचाने की कही बात

**वाहिशंगटन।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूं ने एक बार फिर भारत की गरिमा को चोट पहुंचाने की धमकी दी है। उसने 2001 के हमले की बरसी पर या उससे पहले ऐसा हमला करने की धमकी दी है, जो संसद की नींव को हिला देगी। वीडियो में पन्नूं ने कहा कि भारतीय एजेंसियों ने उसकी हत्या की साजिश रची थी, जो नाकाम हुई। अब वह इसके जवाब में 13 दिसंबर को संसद

**यह आरोप**

अमेरिकी एजेंसियों ने हाल ही



में दावा किया था कि उन्होंने एक भारतीय शख्स को गिरफ्तार कर पन्नूं की हत्या की साजिश नाकाम की थी। भारतीय मूल के एक मादक पदार्थ तस्कर निखिल गुप्ता को चेक अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर 30 जून को प्राग हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था। उस पर भारतीय एजेंसियों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों से साफतौर पर इनकार कर दिया था। साथ ही जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी भी बनाई है।

**भारत में पन्नूं आतंकी घोषित है**

बता दें कि पन्नूं ने साल 2007 में 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन बनाया था। जुलाई 2020 में भारत ने पन्नूं को आतंकी घोषित किया था। वह आईएसआई की मदद से खालिस्तान की मुहिम चला रहा है।

**पहले भी धमकी दे चुका है पन्नूं**

इससे पहले भी खालिस्तानी आतंकी पन्नू गीदड़ भभकी दे चुका है। उसने सिख लोगों से 19 नवंबर को एयर इंडिया की फ्लाइट से यात्रा न करने के लिए कहा था। उसने कहा था कि अगर एयर इंडिया से यात्रा करेंगे तो आपकी जान खतरे में पड़ जाएगी। पन्नूं ने आगे दावा किया था कि दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट 19 नवंबर को बंद रहेगा और इसका नाम बदल दिया जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## रूस ने ईरान के साथ हालिया अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खत्म, घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** इरान और रूस ने अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने जानकारी देते हुए कहा मॉस्को के खिलाफ हालिया अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में दोनों देशों ने ये कदम उठाया। लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ वार्ता की शुरुआत करते हुए कहा, 'हमने हालिया एकतरफा प्रतिबंधों के नकारात्मक परिणामों का मुकाबला करने, उसके खिलाफ लड़ने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। निस्संदेह, यह अवैध प्रतिबंधों को दूर करने के लिए वैश्विक समुदाय के सदस्यों द्वारा समन्वित प्रयासों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि यू.एस. और उसके सहयोगी कूटनीति के विकल्प के रूप में उपयोग करते हैं, लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ वार्ता शुरू करते समय कहा। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि वार्ता का उपयोग द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए किया जाएगा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, 'पारंपरिक रूप से हमारा एजेंडा व्यापक है।' इससे पहले, सितंबर में, अमेरिका ने रूस के ऊर्जा उत्पादन और भविष्य की निर्यात क्षमता के विस्तार में शामिल 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया था और दो संबंधित जहाजों को अवरुद्ध संपत्ति के रूप में पहचाना था। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, पदनामों में रूस की आर्कटिक एलएनजी 2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजना सहित प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल संस्थाएं और व्यक्ति शामिल थे। इसमें भविष्य की ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सामग्रियों और उन्नत प्रौद्योगिकी की खरीद में शामिल संस्थाएं भी शामिल हैं, जिनके लिए रूस ऐतिहासिक रूप से विदेशी सेवा कंपनियों की विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के अकारण युद्ध के जवाब में अतिरिक्त लागत लगाने के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है। रूस की आर्कटिक एलएनजी 2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजना में शामिल संस्थाओं के साथ, देश ने दो तुर्की-आधारित संस्थाओं को भौतिक रूप से सहायता, प्रायोजित, या वित्तीय, सामग्री, या तकनीकी सहायता प्रदान करने, या वस्तुओं या सेवाओं के समर्थन में नामित किया है।

## 'भारत की तरफ से जांच का करेंगे इंतजार', खालिस्तानी आतंकी पन्नूं को जान से मारने की साजिश पर बोला अमेरिका

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश को लेकर भारत पर लगाए गए आरोपों के बीच अमेरिका ने मामले पर फिर बयान दिया है। अमेरिकी सरकार ने कहा है कि वह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में भारत की जांच के नतीजों का इंतजार करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'हमारे विदेश मंत्री ने इस मामले को सीधे अपने भारतीय समकक्ष के सामने उठाया है और उनसे कहा है कि हम इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में पूरी जांच करेंगे। उन्होंने जांच की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। अब हम उनकी जांच के खत्म होने और इसके नतीजों का इंतार करेंगे।' मिलर ने कहा कि यह हमारे लिए गंभीर मुद्दा है। अमेरिकी अधिकारी ने एक दिन पहले भी कहा था कि हम अंतरराष्ट्रीय उत्पीड़न सहन नहीं करते फिर चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में भी भारत से जांच में सहयोग की अपील की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि मैं मामले में टिप्पणी नहीं करूंगा। कानून प्रवर्तन एजेंसी मामले की जांच कर रहा है। अमेरिकी न्याय विभाग अदालत में मामला पेश किया जा रहा है, ऐसे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा। हमने इसे भारतीय सरकार के सबसे वरिष्ठ स्तर पर उठाया है। उन्होंने हमें बताया कि वे जांच करेंगे। उन्होंने सार्वजनिक रूप से जांच की घोषणा की है। हम जांच के परिणामों का इतंजार कर रहे हैं। वहीं, अमेरिकी डिप्टी एनएसए फाइनर ने भारतीय अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान बताया कि भारतीय जांच में दोषी पाया गया व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे लिए गंभीर मुद्दा है। एक दिन पहले, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इस दौरान कहा कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय उत्पीड़न को सहन नहीं करता, यह बात सिर्फ भारत के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व के लिए है। हम विरोध करते हैं फिर चाहे वह कोई भी देश हो। यह एक बड़ा मुद्दा है और हम मंचों से ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करते। हमें जैसे ही मामले की जानकारी मिली वैसे ही हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय वरिष्ठों के साथ बैठक की।